राष्ट्रीय हिंदी/अंग्रेज़ी दैनिक

# मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

नई दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, एनसीआर, नूंह से प्रकाशित | संपादक अभयसिंह सैनी | 9992904845,8059956005

वर्ष : 03 | अंक : 80 | नूंह, शनिवार 21 दिसंबर 2024 | आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 | मूल्य : 2 रूपए | पेज : 08 | mewatnewsexpress11@gmail.com

# जयपुर में एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट, 11 जिंदा जले



## ट्रक की टक्कर से आग लगी, 200 फीट ऊंची लपटें उठीं, बचने का मौका नहीं मिला

**जयपुर।** जयपुर में शुक्रवार सुबह एलपीजी टैंकर में ब्लास्ट के बाद अजमेर हाईवे पर दहशत मच गई। लोग अपनी जान बचाने के लिए भागते हुए नजर आए। हादसे में 11 लोग जिंदा जल गए। 33 लोग झुलस गए। इस दौरान भयावह मंजर दिखा। आग से झुलसे लोग सड़क पर भागते हुए दिखे। रास्ते से गुजर रही गाड़ियों में बैठे दिखे। जानकारी के मुताबिक भारत पेट्रोलियम का टैंकर अजमेर से जयपुर की तरफ आ रहा था। सुबह करीब 5.44 मिनट पर दिल्ली पब्लिक स्कूल के सामने टैंकर ने यू-टर्न लिया। इसी समय जयपुर से आ रहे ट्रक ने उसे टक्कर मार दी। गेल इंडिया लिमिटेड के डीजीएम (फायर एंड सेफ्टी) सुशांत कुमार सिंह ने बताया कि टक्कर से टैंकर के 5 नोजल टूट गए और 18 टन गैस लीक हो गई। लीक हुई गैस में आग लगी और इतना जोरदार धमाका हुआ कि 200 मीटर का इलाका आग के गोले में तब्दील हो गया। धमाके की आवाज डेढ़ किलोमीटर तक सुनाई दी। प्रधानमंत्री मोदी ने हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को 2-2 लाख और घायलों को 50-50 हजार रूपये देने की घोषणा की।



### एक परमिट 16 महीने, दूसरा 5 महीने पहले एक्सपायर

हादसे का शिकार हुई स्लीपर बस का नंबर RJ-27 PC0030 है। पड़ताल की तो सामने आया कि इस बस का परमिट 25 अगस्त 2023 तक ही था। इसके बाद इसे रिन्यू ही नहीं कराया गया। वहीं बस का AITP (ऑल इंडिया टूरिस्ट परमिट) 8 जुलाई 2024 को एक्सपायर हो गया था। परमिट एक्सपायर होने का सीधा मतलब यह है कि बस को आरटीओ की ओर से रोड पर चलने की दी गई स्वीकृति खत्म हो चुकी है। हादसे के बाद से इस बस का ड्राइवर और कंडक्टर दोनों गायब हैं। इसके अलावा बस में सवार 14 अन्य यात्रियों के बारे में अभी तक कोई जानकारी नहीं मिल पाई है।

### लोग बचने के लिए भागे लेकिन आग में घिर गए

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग लगते ही लोग गाड़ियों से उतरकर इधर-उधर भागे। कई लोगों को बाहर निकलने का मौका ही नहीं मिला और वे जिंदा जल गए। जो लोग किसी तरह बाहर निकल पाए, वे जलते हुए कपड़ों के साथ सड़क पर इधर-उधर भागने लगे। तस्वीरों आग से बचने की कोशिश करते लोग देखे जा सकते हैं।

### आग की चपेट में आगर स्लीपर बस समेत 40 गाड़ियां खाक

आग इतनी तेजी से फैली कि 40 से ज्यादा गाड़ियां आग की चपेट में आ गई। टैंकर के ठीक पीछे चल रही एक स्लीपर बस और हाईवे किनारे मौजूद पाइप फैक्ट्री भी जल गई। एक्सीडेंट की वजह से बस का दरवाजा एक ट्रक से चिपक गया। इस कारण उसमें सवार 34 लोगों को बाहर निकलने की जगह ही नहीं मिली, बड़ी मुश्किल से ड्राइवर वाले गेट से लोगों को बाहर निकाला गया। इस बस में सवार 19 से ज्यादा लोग बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। आग बुझने के बाद कई शवों को पोटली में डालकर अस्पताल ले जाया गया।

### स्थानीय लोग पहुंचे, गाड़ियों में फंसे लोगों को निकालने में मदद की

हादसे के बाद आसपास मौजूद लोगों ने घायलों की सुध ली। इसके बाद फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और पुलिस भी पहुंच गई। इन्होंने लोगों को संभाला और उन्हें घटना स्थल से 15 दूर सवाई मान सिंह अस्पताल पहुंचाया। एक्सीडेंट के बाद हाइवे पर जली हुई गाड़ियां खड़ी हुई थीं। इस वजह से हाईवे पर आवाजाही बंद हो गई। धमाके के बाद इलाके में गैस फैलने से रेस्क्यू में काफी परेशानी आई। दोपहर तक दमकलें जली हुई गाड़ियों और आसपास के इलाकों में लगी आग बुझाती रही। वहीं एहतियातन दिनभर पूरे इलाके में बिजली सप्लाई भी बंद रखी गई।

### ऐसे हुआ हादसा




## संक्षिप्त समाचार

### बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार की पोस्ट पर भारत ने जताया कड़ा विरोध




**नई दिल्ली।** भारत ने बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के सलाहकार महफूज आलम के अब डिलिट किए जा चुके एक सोशल मीडिया पोस्ट पर 'कड़ा विरोध' जताया है। आलम ने अपनी पोस्ट में भारतीय क्षेत्रों पर दावा जताते हुए एक नक्शा दिखाया था। महफूज़ आलम के विवादास्पद पोस्ट पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जयसवाल ने आज कहा कि हमने इस मुद्दे पर बांग्लादेश पक्ष के साथ अपना कड़ा विरोध दर्ज कराया है। हम समझते हैं कि जिस पोस्ट का जिक्र किया जा रहा है उसे कथित तौर पर हटा दिया गया है। वे याद दिलाना चाहते हैं कि सभी संबंधित पक्षों को अपनी सार्वजनिक टिप्पणियों के प्रति सचेत रहना चाहिए। ऐसे समय में जब भारत ने बार-बार बांग्लादेश के लोगों और अंतरिम सरकार के साथ संबंधों को बढ़ावा देने में रुचि जताई है, ऐसी टिप्पणियां सार्वजनिक अभिव्यक्ति में जिम्मेदारी की आवश्यकता को रेखांकित करती हैं। उल्लेखनीय है कि बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस के प्रमुख सहयोगी महफुज आलम ने भारत पर कब्जा करने की धमकी देने वाला एक पोस्ट किया था। इसमें भारतीय राज्यों पश्चिम बंगाल, त्रिपुरा और असम सहित बांग्लादेश का एक मानचित्र साझा किया था जिसपर विवाद खड़ा हो गया है।

### सच मीडिया के द्वितीय वर्षगांठ का आज होगा सीकर मे भव्य आयोजन

#### भामाशाह व उत्कर्ष कार्य करने वाले कलमवीरो का समारोह में होगा सम्मान

**खबर मारवाड़ @ सीकर।** बद्री विहार मे शनिवार को सच मीडिया अपनी द्वितीय वर्षगांठ बड़े धूमधाम से मनाने जा रहा है। कार्यक्रम मे अतिथियों के द्वारा दीप प्रज्वलित करने के बाद कार्यक्रम का शुभारंभ किया जायेगा। सच मीडिया के सुमेर सिंह चुंडावत ने बताया की बद्री विहार सीकर में 21 दिसंबर शनिवार को सच मीडिया की द्वितीय वर्षगांठ पर सम्मान समारोह का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें भामाशाहो, समाजसेवी व विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं के साथ-साथ राजस्थान के कलम वीरो का सम्मान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से अलग अलग क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाली लगभग 100 से अधिक विभूतियों को सम्मानित किया जाएगा। सच मीडिया के सुमेर सिंह चुंडावत ने बताया की कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्थान राज्य के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़, विशेष अतिथि केबिनेट मंत्री झाबर सिंह खर्रा व कार्यक्रम अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय सीकर के कुलपति प्रोफेसर अनिल राय होंगे। सुमेर सिंह चुंडावत ने बताया कि सच मीडिया देश के विभिन्न राज्यों में पिछले दो सालों से अपनी सफलता के परचम लहरा रहा है। कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों व शहर के गणमान्य नागरिक व जनप्रतिनिधि भी उपस्थित रहेंगे। आयोजन को लेकर सच मीडिया के समस्त प्रतिनिधि अपनी अपनी जिम्मेदारियां बखूबी निभा रहे है।

## हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला का निधन

**एजेंसी। चंडीगढ़**

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री और इंडियन नेशनल लोक दल (इनेलो) के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश चौटाला का शुक्रवार निधन हो गया। वे 89 वर्ष के थे और गुरुग्राम में उन्होंने अंतिम सांस ली। उनके निधन की खबर से हरियाणा और देश की राजनीतिक दुनिया में शोक की लहर दौड़ गई है। ओमप्रकाश चौटाला हरियाणा की राजनीति का एक प्रमुख चेहरा रहे हैं। उन्होंने चार बार राज्य के मुख्यमंत्री के पद को सुशोभित किया और अपनी बेहतर सेवाएं दीं। उनके कार्यकाल को ग्रामीण विकास, कृषि क्षेत्र में सुधार और सामाजिक योजनाओं के लिए याद किया जाता है। चौटाला परिवार हरियाणा की राजनीति में दशकों से महत्वपूर्ण भूमिका निभाता चला आ रहा है।




**निजी जीवन:** ओमप्रकाश चौटाला का जन्म 1 जनवरी 1935 को हरियाणा के सिरसा जिले में हुआ था। वे चौधरी देवी लाल के पुत्र थे, जो हरियाणा के एक दिग्गज नेता और देश के पूर्व उपप्रधानमंत्री रह चुके हैं। चौटाला ने अपनी राजनीतिक विरासत को आगे बढ़ाते हुए राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बनाई।

## भारत ने 2.0 की कुल प्रजनन दर हासिल की: केंद्र

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने शुक्रवार को बताया कि राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण-5 (2019-21) के अनुसार भारत ने 2.0 की कुल प्रजनन दर (टीएफआर) प्राप्त कर ली है। शुक्रवार को राज्यसभा में एक लिखित उत्तर में केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल ने कहा कि यह राष्ट्रीय जनसंख्या नीति 2000 और राष्ट्रीय स्वास्थ्य नीति 2017 (2.1 का टीएफआर) के अनुरूप है। उन्होंने परिवार नियोजन कार्यक्रम के तहत सरकार द्वारा क्रियान्वित विभिन्न योजनाओं को भी सूचीबद्ध किया। इसमें विस्तारित गर्भनिरोधक विकल्प शामिल हैं, जिसमें कंडोम, संयुक्त मौखिक गर्भनिरोधक गोलियां, आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूसीडी) और लाभार्थियों को प्रदान की जाने वाली नसबंदी शामिल हैं। अनुप्रिया पटेल ने बताया कि राष्ट्रीय परिवार नियोजन कार्यक्रम की समीक्षा कॉमन रिव्यू मिशन (सीआरएम), राष्ट्रीय कार्यक्रम समन्वय समिति (एनपीसीसी) की बैठकों, राष्ट्रीय समीक्षा बैठकों, क्षेत्र निगरानी यात्राओं और राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण (एनएफएचएस) के माध्यम से निरंतर आधार पर की जाती है। देश में परिवार नियोजन और जनसंख्या नियंत्रण सुनिश्चित करने के लिए विस्तारित गर्भनिरोधक विकल्पों में कंडोम, संयुक्त मौखिक गर्भनिरोधक गोलियां, आपातकालीन गर्भनिरोधक गोलियां, अंतर्गर्भाशयी गर्भनिरोधक उपकरण (आईयूसीडी) और नसबंदी शामिल है, जो लाभार्थियों को प्रदान किए जाते हैं। गर्भनिरोधक के उपायों में नए गर्भनिरोधकों के साथ भी विस्तारित किया गया है, इनमें इंजेक्टेबल गर्भनिरोधक एमपीए और सेंट्रोमैन शामिल है। मिशन परिवार विकास को सात उच्च-केंद्रित राज्यों और छह पूर्वोत्तर राज्यों में गर्भनिरोधक और परिवार नियोजन सेवाओं तक पहुंच में सुधार करने के लिए लागू किया गया है। सरकार स्वस्थ समय और गर्भधारण के अंतराल के बारे में जागरूकता बढ़ाकर परिवार नियोजन सेवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करके और प्रजनन क्षमता को प्रबंधित करने के लिए राज्यों द्वारा उनकी विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर कार्यक्रम कार्यान्वयन योजना (पीआईपी) में प्रस्तावित बजट को मंजूरी देकर क्षेत्रों में प्रजनन क्षमता के प्रतिस्थापन स्तरों को प्राप्त करने और बनाए रखने पर ध्यान केंद्रित करती है।

## पश्चिमी यूपी के लोगों को मिलेगी सौगात मेरठ से काशी तक चलेगी वंदेभारत

**नई दिल्ली।** पश्चिमी यूपी के लोगों के लिए खुशखबरी अब वे आसानी से वंदेभारत एक्सप्रेस से काशी जा सकेंगे। भारतीय रेलवे ने इस क्षेत्र के लिए एक नई वंदेभारत ट्रेन चलाने की योजना बनाई है, जो मेरठ से काशी तक जाएगी। वर्तमान में मेरठ से लखनऊ के बीच वंदेभारत चल रही है और इसे अब काशी तक बढ़ाया जा रहा है।



यह ट्रेन लखनऊ से रायबरेली, प्रतापगढ़ होते हुए बनारस पहुंचेगी। इस ट्रेन के संचालन से पश्चिमी यूपी के लोगों को एक सीधी और आरामदायक कनेक्टिविटी मिल जाएगी। इस वंदेभारत ट्रेन का मार्ग हापुड़, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ, रायबरेली और प्रतापगढ़ होते हुए बनारस तक पहुंचेगा। हालांकि इसका शेड्यूल अभी फाइनल नहीं हुआ है, लेकिन रेल मंत्रालय के मुताबिक जल्द ही इसकी समय सारणी और स्टॉपेज की जानकारी दी जाएगी। वर्तमान में भारत में 55 से ज्यादा वंदेभारत एक्सप्रेस चल रही है, और इसकी संख्या लगातार बढ़ती ही जा रही है। वंदेभारत के सफर में यात्रियों को काफी आराम और सुविधाएं मिलती हैं। कई प्रमुख शहरों में दो-दो वंदेभारत एक्सप्रेस चलाई जा रही हैं, ताकि यात्रियों को सुबह और शाम दोनों समय विकल्प मिल सके। रेलवे का यह कदम काशी को और पर्यटकों और यात्रियों से जोड़ने में मदद करेगा।

## राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री ने जयपुर गैस टैंकर हादसे पर जताया दुख, मृतकों के परिजनों को मुआवजे की घोषणा

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार



को जयपुर-अजमेर हाई-वे पर हुए गैस टैंकर हादसे पर दुख जताया और मृतकों के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) से दो-दो लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार की अनुग्रह राशि देने की घोषणा की है। राजस्थान के जयपुर में अजमेर हाई-वे पर शुक्रवार सुबह पीसीएल के एलपीजी टैंकर को ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के कारण लगी भीषण आग में सात लोग जिंदा जल गए, जबकि 34 लोग गंभीर रूप से झुलस गए। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट कर कहा, "जयपुर में हुई सड़क दुर्घटना के कारण अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत पीड़ादायक है। मैं ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति हेतु प्रार्थना करती हूं। उनके परिवारजनों के प्रति मेरी गहरी शोक संवेदनाएं! मेरी प्रार्थना है कि घायल हुए लोग शीघ्र ही स्वस्थ हों। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक्स पोस्ट में लिखा, राजस्थान में जयपुर-अजमेर हाई-वे पर हुए हादसे में लोगों की मौत से गहरा दुख हुआ है। जिन लोगों ने अपने प्रियजनों को खो दिया है, उनके प्रति संवेदना। घायलों के जल्द स्वस्थ होने की कामना करता हूं। स्थानीय प्रशासन प्रभावित लोगों की सहायता कर रहा है। प्रत्येक मृतक के परिजनों को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से 2 लाख रुपये और प्रत्येक घायल को 50 हजार रुपये दिए जाएंगे।

## सुप्रीम कोर्ट ने लगाई चीफ सेक्रेटरी को फटकार, क्यों नष्ट नहीं हो रहा कचरा

**एजेंसी। नई दिल्ली**

दिल्ली में कचरे की समस्या को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली के चीफ सेक्रेटरी को जमकर फटकार लगाई। कोर्ट ने कहा कि हर दिन 3000 टन कचरा अनट्रीटेड रह जाता है, जो बहुत शर्मनाक है। कोर्ट ने चीफ सेक्रेटरी से पूछा कि इस समस्या का समाधान कब होगा और सरकार इससे निपटने के लिए क्या कदम उठा रही है। दिल्ली में रोजाना 11 हजार टन कचरा इकट्ठा होता है, जिसमें से 8 हजार टन कचरे को नष्ट कर दिया जाता है, जबकि 3 हजार टन कचरा नष्ट नहीं हो पाता है। कोर्ट ने गाजीपुर और भलसवा जैसी जगहों पर कचरा नष्ट करने के लिए आग लगाने पर भी नाराजगी जताई,



जो पर्यावरण के लिए बहुत खतरनाक है। कोर्ट ने कहा कि यह स्थिति बेहद खतरनाक और शर्मनाक है, और इस पर कार्रवाई की जरुरत है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि न तो प्रशासन कचरे को नष्ट करने के लिए प्रभावी तरीके ढूंढ पा रहा है और न ही सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट रूल्स, 2016 को लागू किया जा रहा है। कोर्ट ने दिल्ली सरकार से गाजीपुर और भलसवा में 3,800 टन कचरे को लेकर 15 जनवरी, 2025 तक शपथ पत्र देने को कहा है। इसमें यह बताया होगा कि इन जगहों पर कचरे की आग को रोकने और पर्यावरणीय नुकसान को कम करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली चीफ सेक्रेटरी को फटकार लगाते हुए कहा कि कचरे को नष्ट करने के उपायों में इतनी ढिलाई क्यों। जस्टिस अभय एस ओका ने कहा कि अगर इतनी गंभीरता से काम हो रहा है तो दिल्ली सरकार और एमसीडी कंस्ट्रक्शन रोकने जैसे तात्कालिक उपाय क्यों नहीं करते। उन्होंने कहा कि कोर्ट के आदेश का पालन नहीं किया जा रहा है और इसकी जिम्मेदारी चीफ सेक्रेटरी की है। दिल्ली में कचरे की समस्या लगातार गंभीर होती जा रही है। 2024 के आखिर तक यह स्थिति और भी बिगड़ने की आशंका जताई जा रही है।

## रक्षा प्रणालियों में उभरती प्रौद्योगिकियों व एआई को उच्च प्राथमिकता दे रहा भारत: राष्ट्रपति

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने शुक्रवार को कहा कि भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) को उच्च प्राथमिकता दे रहा है तथा भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है ताकि दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हो सके। राष्ट्रपति मुर्मु आज सिकंदराबाद स्थित रक्षा प्रबंधन महाविद्यालय में आयोजित राष्ट्रपति निशान (प्रेसिडेंट कलर्स) अलंकर समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि इस त्रि-सेवा प्रशिक्षण संस्थान को प्रेसिडेंट कलर्स प्रदान करते हुए बहुत खुशी हो रही है। यह अवसर भविष्य के लिए हमारे सशस्त्र बलों के रणनीतिक नेताओं को विकसित करने में रक्षा प्रबंधन कॉलेज की महत्वपूर्ण भूमिका को दर्शाता है। राष्ट्रपति ने



कहा कि भारत की बढ़ी हुई रक्षा प्रबंधन क्षमता कूटनीतिक और सैन्य साझेदारी को मजबूत करने तथा रक्षा निर्यात बढ़ाने में मदद करेगी। इससे भारत को वैश्विक सुरक्षा मंचों पर सक्रिय रुख बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी में प्रगति का राष्ट्रीय सुरक्षा पर गहरा प्रभाव पड़ता है। युद्ध की पारंपरिक परिभाषाओं और तरीकों को उभरती प्रौद्योगिकियों और नई रणनीतिक साझेदारियों द्वारा चुनौती दी जा रही है। भारत उभरती प्रौद्योगिकियों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता को उच्च प्राथमिकता दे रहा है और बढ़ी हुई दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता के लिए भारतीय रक्षा प्रणालियों में उनका उपयोग कर रहा है। हम एक समग्र दृष्टिकोण पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं जिसमें अपनी पारंपरिक सेनाओं को उन्नत करना और कृत्रिम बुद्धिमत्ता, ड्रोन, साइबर युद्ध क्षमताओं और अंतरिक्ष रक्षा प्रौद्योगिकियों सहित अत्याधुनिक तकनीकों को अपनाना शामिल है। उन्होंने कहा कि हमारे सशस्त्र बलों के जवानों को नवीनतम तकनीकी विकास के साथ खुद को अपडेट रखने की आवश्यकता है।

## जया बच्चन बोलीं- सारंगी-राजपूत नाटक कर रहे

### संसद की सीढ़ी पर मोटे-मोटे लोग खड़े थे, एक गिरा तो दूसरे को लगेगा ही; इन्हें अवॉर्ड मिलना चाहिए

**नई दिल्ली।** सपा सांसद जया बच्चन ने कहा, सारंगी जी एक्टिंग कर रहे हैं। हम सब सदन के अंदर जा रहे थे और वे हमें अंदर नहीं जाने दे रहे थे। राजपूत जी, सारंगी जी और नागालैंड की महिला जैसी एक्टिंग मैंने अपने कैरियर में इनसे बेहतरीन एक्टिंग नहीं देखी। इन सभी को अवॉर्ड मिलना चाहिए। 19 दिसंबर को संसद में अंबेडकर विवाद पर पक्ष-विपक्ष के प्रदर्शन चल रहा था। धक्का-मुक्की के दौरान ओडिशा के बालासोर से सांसद प्रताप सारंगी चोटिल हो गए। सारंगी ने कहा था कि राहुल गांधी ने फर्रुखाबाद सांसद मुकेश राजपूत को धक्का दिया और वे सारंगी के ऊपर गिर पड़े। घटना के बाद दोनों को राम मनोहर लोहिया हॉस्पिटल में भर्ती करवाया गया।

## आंबेडकर के मुद्दे पर विपक्ष ने मार्च निकाला, भाजपा ने घायल सांसदों के मुद्दे पर किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** आंबेडकर के कथित अपमान के मुद्दे को लेकर शुक्रवार को विपक्ष ने विजय चौक पर विरोध प्रदर्शन किया।इनमें शामिल विपक्षी सांसदों ने विजय चौक से संसद तक विरोध मार्च भी निकाला और गृहमंत्री अमित शाह से राज्यसभा में आंबेडकर पर दिए गए "अपमानजनक" बयान के लिएमाफी मांगने तथा इस्तीफे की मांग की। उधर, भाजपा कल संसद में दो सांसदों के घायल होने के मुद्दे को लेकर आज संसद परिसर में प्रदर्शन किया। कांग्रेस पार्टी का कहना है कि गृहमंत्री अमित शाह ने संसद में बाबासाहेब का अपमान किया है, जिसे देश कभी बर्दाश्त नहीं करेगा। पार्टी के नेतृत्व में आज आईएनडीआईए गठबंधन के सांसदों ने विजय चौक से संसद तक मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि अमित शाह को देश से माफी मांगनी होगी और अपने पद से इस्तीफा देना होगा। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने भी लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर भाजपा की आलोचना की और कहा, "यह उनकी हताशा का स्तर दिखाता है।

# 493 branches of APGVB merged with TGB

▶ APGVB branches under the control of Hyderabad TGB Head Office from 1st Jan

▶ Revealed by Chairman K. Pratap Reddy

Warangal, 20 December : The Andhra Pradesh Grameen Vikas Bank (APGVB) is set to merge with Telangana Grameen Bank (TGB), with the integration of 493 APGVB branches under the control of the TGB Head Office in Hyderabad starting January 1, 2025. The announcement was made by APGVB Chairman, K. Pratap Reddy, during a press conference in Hanumakonda on Friday. As part of the "One State, One RRB" initiative, the merger follows the orders of the Department of Financial Services of the Government of India. The merger process will temporarily affect banking services, with a shutdown of online banking, UPI, ATM, mobile banking, internet banking, and customer service centers from December 28 to 31 due to technical issues.Chairman Pratap Reddy urged customers to complete their transactions by December 27 to avoid any inconvenience. He further clarified that the combined bank's head office for Telangana will be based in Warangal, while the centralized office for the united Telugu states will be located in Hyderabad.Deputy General Manager Operations B. Dayakar, HO Manager Shashikant, and other officials were also present at the announcement event.



# People should use government medical facilities

▶ Hanumakonda District Medical and Health Officer Dr. A. Appiah



Warangal, 20 December : Dr. A. Appiah, the District Medical and Health Officer (DMHO) of Hanumakonda, emphasized the importance of using government medical facilities after inspecting the Primary Health Center in Gopalpur on Friday. During the inspection, Dr. Appiah congratulated the medical staff for the center's outstanding achievement of being selected twice for National Quality Standards Recognition (NQAS). He also directed the Medical Officer to maintain cleanliness on the premises, in collaboration with the Panchayat Secretary, by clearing unnecessary plants and grass.The DMHO then inspected the lab, pharmacy, ward rooms, and the surgical theater, and interacted with patients to understand the quality of services being provided. He highlighted that the government is offering free medical treatment to around 1300 people, including 822 individuals with hypertension, 448 with diabetes, and 2 with cancer. Dr. Appiah encouraged the public to make full use of the medical services available at government facilities, stressing their role in ensuring the well-being of the community.Medical Officer Dr. Vijayender Reddy, AYUSH Medical Officer Ishwar, and other staff members of the Primary Health Center were present during the inspection.

# Good Samaritan 2024 Award to Hanoch Putra

▶ Hanoch Putra's services are appreciated

▶ Good News Mission Kenya representative Prof. Yohan Kim



Warangal, 20 December : Good Samaritan 2024 National Award was presented to Putra Hanoch, founder of J.S.S.W ministries from Rajahmundry Burma Colony by Good News Mission representative from Kenya prof. Yohan Kim was felicitated with a memento, medal and certificate at the Shelton Hotel. On this occasion, the Good Samaritan 2024 award program was held at Hotel Shelton on Friday under the auspices of global peace and cultural association. For three decades, JSS Ministries organized awareness programs, free medical camps and provided free medicines in both the Telugu states, made special efforts in serving the elderly, disabled and leprosy patients, along with social programs, provided essential items to the poor in the context of Corona. Financial incentives are provided to many female students who cannot afford to pursue higher studies. She was selected for this award in recognition of her services by providing sewing training for the upliftment of women and providing free sewing machines to strengthen the family financially. In the program P. Jacob Sundar, Cyril Richard, I. Kishore Kumar, Addanaki Raja, M. Ramesh, M. Vishal Prem and others participated.

# Indiramma Indla mobile app survey should be completed

▶ Hanumakonda district in-charge collector Satya Sharada Devi



Warangal, 20 Deceber : In-charge District Collector Satya Sharada Devi has directed officials to complete the mobile app survey for Indiramma households by the end of this month. The survey, which aims to identify beneficiaries for land and house construction, was recently conducted in Christian Colony (Labor Colony) in Hanumakonda District, Atmakuru Mandal, and Akkampeta villages of Warangal Municipal. During the survey, the Collector emphasized that eligible beneficiaries must have their names listed on the ration card and Aadhaar card, as well as the required land for house construction. She instructed the survey officers to ensure that all beneficiary details are accurately entered into the mobile app. The Collector also urged officials to take necessary steps to expedite the survey process and report any registration issues to higher authorities immediately. The survey team included Warangal and Hanumakonda District 2 BHK nodal officers Rajender, G. Ram Reddy, Tehsildar Jaganmohan Reddy, Mandal Development Officer Srinivas, and other survey staff.

# Christmas is about sharing the love of Christ

▶ Godfather Palsanraj



Warangal, 20 December : This account beautifully captures the spirit of Christmas through the shared joy and fellowship in celebrating the birth of Jesus Christ. Reverend Dr. Sangala Palsanraj's emphasis on the love of Christ as the true essence of Christmas resonates deeply, reminding us of the season's focus on unity, love, and compassion. The gathering, which included the cutting of the Christmas cake and the unveiling of a new Christmas song, showcases the community's commitment to cherishing and spreading the message of hope and faith.Such celebrations highlight the importance of togetherness, as reflected in the tradition of joint families and collective worship. Events like these not only honor the religious significance of Christmas but also bring people closer, fostering a sense of harmony and shared purpose. Reverend Immadi Clinton's continued efforts to organize prayer festivals since 2007 demonstrate the power of steadfast dedication to uplifting communities through faith. This truly encapsulates the joy and essence of the Christmas season.

# Do not harm the reputation of the police department

▶ Warangal Police Commissioner Amber Kishore Jha



Warangal, 20 December : Warangal Police Commissioner Amber Kishore Jha emphasized that police station officials must conduct themselves in a manner that upholds and enhances the reputation of the police department. On Friday, during the annual inspection of Chilpur Police Station, the Commissioner reviewed various aspects of the station's functioning. Upon arrival, Commissioner Jha was welcomed with a ceremonial salute by the Armed Police, along with the presentation of plants by station officials. The inspection included a detailed review of the station's premises, equipment issued to staff, and the performance of the reception desk. He evaluated the handling of complaints, pending cases, arrests, records of rowdy sheeters, road safety measures, and investigations of court cases. The Commissioner emphasized the importance of setting up warning signboards in accident-prone areas to prevent road mishaps and implementing strategies to curb transformer theft. He instructed officers to act with fairness, respond promptly to complaints, and ensure that complainants feel confident that their issues will be resolved. The inspection concluded with Commissioner Jha planting a sapling on the station premises. ASP Manon Bhat, Ghanpur ACP Bhim Sharma, Circle Inspector Srinivas Reddy, SI Naveen Kumar, and other staff members participated in the inspections.

# Legal metrology officers raids on IKP centre

▶ Unannounced inspections at the IKP center on the orders of the Collector

▶ Due to differences in weight, the farmers raised an agitation and the Collector ordered an inquiry



Peddapalli / Ramagiri, Dec 20: It is inevitable that the farmers who realized the difference in the weight at the Nagepalli IKP center of Ramagiri Mandal last week. Responding to the farmers' allegations, the Collector ordered an inquiry by the District Weights and Measures Department official on Friday. As part of the investigation, the officer of the District Weights and Measures Department, who entered the field on Friday, placed a 20 kg weighing stone on the electronic fork and noticed that the weighing scale showed less than 700 grams. The legal metrology authorities confiscated these scales. Similarly, the report of this investigation will be submitted to the collector and then the collector will take it Legal metrology officer Vishveshwar said. He was accompanied by TA Mailikharjun, officials of various departments, farmers, former public representatives and leaders of various political parties.

# AP Chief Secretary offers prayers

Tirumala, Dec.20 (NSS): Andhra Pradesh Chief Secretary Neerabh Kumar Prasad along with his family members offered prayers to Sri Venkateswara Swamy in Tirumala on Friday.After darshan he was offered Vedaseervachanam by vedic pundits at Ranganayakula Mandapam followed by the presentation of a Laminated photo of Srivaru and Theertha Prasadams by Additional EO Ch Venkaiah Chowdary.District Collector Dr Venkateswar, Dist SP L Subbarayudu were present. TTD officials Deputy EOs Lokanatham, Bhaskar and others were also present.

## 21 दिसम्बर 2024 को मनाया जाएगा अन्तर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस: डा. यशबीर गहलावत

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** आयुष विभाग हरियाणा एवं हरियाणा योग आयोग के संयुक्त तत्वावधान में 21 दिसम्बर 2024 को अन्तर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस मनाया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी नूंह डा. यशबीर गहलावत ने बताया कि संयुक्त राष्ट्र महासभा ने भारत द्वारा सह-प्रायोजित एक मसौदा प्रस्ताव को सर्वसम्मति से स्वीकार करते हुए 21 दिसम्बर को अन्तर्राष्ट्रीय ध्यान दिवस घोषित किया गया है। इस कार्यक्रम को लेकर आयुष विभाग में कार्यरत योग विशेषज्ञ, आयुष योग सहायकों व योग प्रशिक्षकों द्वारा महाविद्यालयों, स्कूलों व अन्य सामाजिक संस्थाओं में कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा जिसमें अलोम-विलोम, भ्रामरी, उद्गीत प्राणायाम आदि प्राणायाम कराए जाएंगे तथा ध्यान से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाएगा। जिला आयुर्वेदिक अधिकारी डा. यशबीर गहलावत ने बताया कि ध्यान करने से शरीर को भी कई फायदे मिलते हैं जैसे हाई ब्लड प्रेशर और ऐंग्जाइटी अटैक का कम होना, तनाव की वजह से होने वाला सिर दर्द, नींद न आना, मांसपेशियों और जोड़ों में दर्द होना।

## करनाल पहुंचे कैबिनेट मंत्री रणबीर गंगवा: बोले- हरियाणा में किसानों का मुद्दा नहीं, पंजाब सरकार उनकी सुने

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**करनाल।** करनाल में पीडब्ल्यूडी मंत्री रणबीर गंगवा ने कहा कि हरियाणा में किसानों का कोई मुद्दा नहीं है। सबसे ज्यादा एमएसपी पर हमारी सरकार फसलें खरीद रही है। शंभू बॉर्डर पर चल रहे अनशन के मामले पर उन्होंने कहा कि अगर पंजाब के किसानों को कोई समस्या है तो पंजाब सीएम समाधान करें। भाजपा किसानों के साथ खड़ी है और हरियाणा में उनके हित में ही काम हो रहा है। मंत्री शुक्रवार को करनाल में जिला कष्ट निवारण समिति की बैठक में पहुंचे थे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान उन्होंने किसानों को दिल्ली जाने से रोकने के सवाल पर कहा कि किसी को भी दिल्ली जाने से रोका नहीं जा रहा है। पिछली घटनाओं से सबक लेते हुए केवल सतर्कता बरती जा रही है। कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की जिम्मेदारी है। राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा के किसानों पर दिए बयान पर उन्होंने कहा कि वे खुद ही स्पष्ट कर सकते हैं उनका क्या इरादा था। हालांकि उन्होंने इतना जरूर कहा कि उनका बयान पंजाब में बढ़ते नशे की समस्या पर था। संसद में हुई धक्का मुक्की के मामले पर उन्होंने कहा कि वे भी इस सर्वोच्च सदन का हिस्सा है। वहां की गरिमा सभी को बनाकर रखनी चाहिए। ऐसी घटनाएं दर्शा रही है कि कांग्रेस किस हालात से गुजर रही है। वे इस मामले की निंदा करते हैं।

**सफेद पट्टी लगाने का कार्य शीघ्र होगा पूरा**

सड़कें टूटने और सफेद पट्टी न होने के सवाल पर मंत्री ने कहा कि प्रदेश में सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर कोई समझौता नहीं होगा। सभी अधिकारियों को इस संदर्भ में दिशा निर्देश दिए गए हैं। रही बात सफेद पट्टी लगाने की तो इसका काम जारी है। जल्द ग्रामीण सड़कों पर भी यह कार्य पूरा होगा। हमारी सरकार भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस रखती है, और लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। विदित हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग, स्टेट हाईवे और ग्रामीण सड़कों पर सफेद पट्टी न होने का मुद्दा अमर उजाला ने उठाया था।

**पूर्व सीएम चौटाला के निधन पर जताया**

पूर्व मुख्यमंत्री ओमप्रकाश चौटाला के निधन पर जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी व लोक निर्माण मंत्री रणबीर गंगवा ने शोक व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि ओमप्रकाश चौटाला के निधन का समाचार सुनकर बेहद दुख हुआ। उनके निधन से देश ने एक कुशल राजनीतिज्ञ को खो दिया है। उन्होंने अपनी ओर से श्रद्धांजलि व्यक्त की और कहा कि उनके जाने से एक बड़ी क्षति हुई है।

## डल्लेवाल के समर्थन में किसानों ने शुरू की भूख हड़ताल, डीसी के माध्यम से पीएम को भेजा जाएगा ज्ञापन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**यमुनानगर।** अंबाला में खनौरी बॉर्डर पर एमएसपी गारंटी कानून की मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में आज यमुनानगर में किसान भी आ गए। डल्लेवाल के समर्थन में भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) संगठन से जुड़े किसानों ने आज लघु सचिवालय के सामने टैंट लगा दिया। किसान आज केवल एक दिन की सांकेतिक भूख हड़ताल करेंगे। भूख हड़ताल पर बैठने वाले 11 किसानों को फूलों के हार पहनाए गए। इसके बाद किसानों ने सरकार के खिलाफव डल्लेवाल के समर्थन में नारेबाजी की।

भाकियू जिला प्रधान भी भूख हड़ताल पर बैठे

सांकेतिक भूख हड़ताल करने वालों में भारतीय किसान यूनियन के जिला प्रधान संजू गुंदियाना के अलावा किसान ईश्वर सिंह, पप्पल, रीटा चहल, कृष्ण पाल सुढल, सतीश कुमार, रविंद्र, राजेश खंडवा, चंद्रपाल, महिंद्र सिंह चाहड़ो, रुपिंद्र बैठे हैं। किसान सुबह ही लघु सचिवालय के सामने अनाज मंडी गेट पर पहुंच गए और भूख हड़ताल शुरू कर दी। भूख हड़ताल व धरने के बाद किसान शाम चार बजे एमएसपी गारंटी कानून को लेकर लघु सचिवालय में जाएंगे। जहां पर डीसी को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन दिया जाएगा।

खनौरी बॉर्डर पर खुद को अकेला न समझें किसानः संजू गुंदियाना

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष संजू गुंदियाना ने बताया कि 10 माह से ज्यादा हो गए हैं, किसान एमएसपी की मांग को लेकर अंबाला में खनौरी बॉर्डर पर धरना दे रहे हैं। पंजाब का किसान अकेला नहीं हैं। पूरे हरियाणा के किसान भी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है। सरकार किसानों की मांगे मानने के बजाय उन पर लाठियां व गोलियां चला रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि इतनी ठंड में किसानों पर पानी की बौछार की जा रही है। ऐसा करके किसानों की जान से खिलवाड़ किया जा रहा है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल 24 दिन से आमरण अनशन पर अड़े हुए हैं। इसलिए जिले के किसानों ने भी उनके समर्थन में एक दिन की भूख हड़ताल करने का निर्णय लिया है। यह भूख हड़ताल शांतिपूर्ण तरीके से होगी। अंबाला में भारतीय किसान यूनियन चढूनी का उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन अंबाला सिटी में भारतीय किसान यूनियन चढूनी ने किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल के समर्थन में उपायुक्त कार्यालय पर एक दिन का उपवास रखकर प्रदर्शन किया। प्रदर्शन में यूनियन के 11 नेता उपवास पर बैठे। जिला प्रधान मलकीत सिंह ने बताया कि सरकार ने शंभू सीमा को बंद किया हुआ है। लोगों को एक से दूसरे राज्य में भी नहीं जाने दिया जा रहा है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल को अनशन का 25वां दिन हो गया है, उन्हीं के समर्थन में यूनियन की ओर से देश के कई राज्यों में एक दिन का उपवास रखकर प्रदर्शन किया जा रहा है। यह प्रदर्शन शाम 4 बजे तक किया जाएगा। इसके उपरांत उपायुक्त को प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा। झज्जर में डल्लेवाल के समर्थन में भाकियू के किसान नेताओं ने लघु सचिवालय में रखी भूख हड़ताल

एमएसपी कानून बनाए जाने के समर्थन में पिछले काफी दिनों से खनौरी बॉर्डर पर बैठे किसान नेता डल्लेवाल के समर्थन में शुक्रवार को भाकियू चढूनी ग्रुप संगठन के लोग भी उतर आए। यहां झज्जर के लघु सचिवालय में चढूनी संगठन की जिला इकाई के लोगों ने यहां जिलाध्यक्ष ममता कादयान के नेतृत्व में धरना दिया और भूख हड़ताल की। किसान नेताओं ने अपनी भूख हड़ताल सुबह दस बजे से चार बजे तक रखे जाने की बात कही और कहा कि वह अपनी मांग को लेकर प्रधानमंत्री के नाम जिला प्रशासन को ज्ञापन भी सौंपने वाले है। संगठन की जिलाध्यक्ष ममता कादयान और पदाधिकारी सुमित छिक्कारा ने अपने अलग-अलग बयान में केन्द्र सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि किसान नेता डल्लेवाल साहब पिछले करीब 25 दिनों से एमएसपी कानून बनाए जाने को लेकर आमरण अनशन पर बैठे हुए है। लेकिन सरकार अपनी हठधर्मी नहीं छोड़ रही। उन्होंने हरियाणा में सभी फसलों पर एमएसपी दिए जाने के सरकार के वायदे को भी झुठलाया। उनका कहना था कि सरकार की झूठ बोलने की फितरत बन चुकी है। सरकार को चाहिए कि अपनी हठधर्मी छोड़कर किसानों को एमएसपी देने का कानून बनाए। उन्होंने कहा कि आज हरियाणा ही नहीं बल्कि पूरे देश का किसान पूरी तरह से जागरूक है। उसे अपना भला-बुरी पूरी तरह से पहचानना आता है। लेकिन सरकार किसान को गुमराह करना चाहती है और किसान सरकार के किसी भी बहकावे में आने वाला नही है।

# जिला प्रशासन का एक ही ध्येय कोई भी फरियादी समाधान शिविर में शिकायत के निवारण के बिना न जाए वापसः उपायुक्त

- उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा समाधान शिविर में प्रशासनिक अधिकारियों संग कर रहे समस्याओं का समाधान
- समाधान शिविर में भावांतर भरपाई योजना के शिकायतकर्ता को पहुंचाई राहत



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** प्रदेश के चीफ सेक्रेटरी डॉ. विवेक जोशी प्रदेश के हर जिला में लगाए जा रहे समाधान शिविरों में नागरिकों की समस्याओं की लगातार समीक्षा कर रहे हैं। आमजन की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा द्वारा प्रशासनिक अधिकारियों के साथ मिलकर जिला में समाधान शिविर के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की सार्वजनिक व व्यक्तिगत शिकायतों पर संज्ञान लेकर प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जा रहा है। उपायुक्त जिला मुख्यालय पर लघु सचिवालय में स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग हॉल में प्रतिदिन कार्य दिवस पर सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक लगने वाले समाधान शिविर में लोगों की शिकायतों का समाधान सुनिश्चित करते हुए राहत पहुंचा रहे हैं, जिससे आमजन खुश हैं। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन का एक ही ध्येय है कि जिला प्रशासन की ओर से आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में आकर कोई भी फरियादी अपनी शिकायत का बिना समाधान करवाए वापस न जाए। शुक्रवार को आयोजित समाधान शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए लोग अपनी समस्याएं लेकर उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के समक्ष उपस्थित हुए। उपायुक्त ने एक-एक कर नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए। जिला व उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर में कुल 08 शिकायतों में से 1 का मौके पर ही निदान कर दिया गया और शेष पर नियमानुसार कार्रवाई करने के निर्देश सम्बंधित अधिकारी को दिए गए। भावांतर भरपाई योजना के शिकायतकर्ता तावडू उपमंडल के गांव कलवाडी निवासी ओमबीर की

शिकायत का समाधान कर पहुंचाई राहत उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के निर्देश अनुसार तावडू उपमंडल स्तर पर समाधान शिविर में आए हुए शिकायत करता ओमवीर कलवाडी निवासी की शिकायत का समाधान कर राहत पहुंचाई। शिकायत का समाधान होने से ओमबीर ने हरियाणा सरकार व जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाधान शिविर आमजन का शिकायतों का समाधान करने में कारगर सिद्ध हो रहे हैं। यह सरकार की बहुत ही अच्छी और सराहनीय पहल है। समाधान शिविर में एसडीएम प्रदीप अहलावत, नगराधीश अशोक कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

## कैथल में दो जेई सस्पेंड, 12 किमी सड़क निर्माण में लगाई घटिया सामग्री

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**कैथल।** सड़क निर्माण में गुणवत्ता मानकों के अनुसार सही सामग्री का प्रयोग न करने पर लोक निर्माण विभाग ने दो जूनियर इंजीनियर (जेई) निलंबित किए हैं। निलंबित किए गए अधिकारियों में जेई दिनेश कुमार व जेई रामनिवास का नाम शामिल है। इन अधिकारियों की ओर से ग्रामीण क्षेत्र में बनाई गई कई सड़कों के सैंपल परीक्षण में फेल पाए, जिसके बाद विभाग के मुख्यालय की ओर से दोनों के खिलाफकार्रवाई करते हुए इन्हें सस्पेंड किया गया है। इनमें मुख्य रूप से गांव कुतुबपुर से धुंधरेहड़ी तक लगभग 12 किलोमीटर बनी सड़क के निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानकों पर खरी नहीं उतरी। यह सड़क बनाने के एक सप्ताह में ही फिर से टूटने लगी थी। इसको लेकर ग्रामीणों ने सड़क निर्माण सामग्री पर सवाल उठाए थे व इसकी शिकायत सरकार को भेजी गई थी। क्वालिटी कंट्रोल कार्यालय करनाल के अधिकारियों ने सड़क में प्रयुक्त सामग्री के सैंपल लेकर लैब में जांच के लिए भेज थे। जांच के दौरान सैंपल फेल पाए गए। इस आधार पर दोनों को सस्पेंड कर दिया है। लोगों का आरोप है कि सड़क निर्माण में घटिया सामग्री का प्रयोग करने पर सरकार को लाखों रुपये की चपत भी लगी है। निर्माण सामग्री और प्रक्रिया में बड़े पैमाने पर अनियमितताएं हुई हैं। मामले में अन्य संबंधित अधिकारियों और ठेकेदारों पर भी कार्रवाई संभावित है। सड़कों की मरम्मत का काम शीघ्र शुरू किया जाए। साथ ही मांग की है कि भविष्य में भी सड़कों का कार्य मानकों के अनुसार सही किया जाए। लोक निर्माण विभाग के अधीक्षक अभियंता जगबीर सिंह ने बताया कि सड़क की निर्माण सामग्री के सैंपल फेल आने के कारण मुख्यालय ने जिले के दो जेई को सस्पेंड किया है। उन्होंने मामले की गहन जांच के आदेश दिए हैं। मामले में अधिकारियों के निर्देशानुसार आवश्यक विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

## भारतीय नृत्य कलाओं पर 20 से अधिक पुस्तकें लिखी विद्वान सुनील कोठारी ने

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** प्रसिद्ध भारतीय नृत्य इतिहासकार, विद्वान और आलोचक सुनील कोठारी की जयंती पर उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 20 दिसंबर, 1933 को गुजरात के खेड़ा जिले में हुआ था। भारतीय नृत्य कलाओं की शिक्षा लेने से पहले वह चार्टर्ड अकाउंटेंट (सीए) थे। लेकिन उनका रुझान भारतीय नृत्यों के अध्ययन की तरफ मुड़ गया। उन्होंने भारतनाट्यम, ओडिशी, छऊ और कत्थक समेत कई भारतीय नृत्य कलाओं पर 20 से ज़्यादा पुस्तकें लिखी हैं, जिनमें न्यू डॉयरेक्शन इन इंडियन डांस, सत्रिय डांस ऑफ असम आदि पुस्तकें शामिल हैं। उन्हें संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार व गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया था। उनकी किताबों में भारतीय नृत्यों के बनने, प्रसिद्ध होने और औपनिवेशिक दौर में उनके बचे रहने की प्रक्रिया को विस्तार से बताया गया है। वक्ताओं ने कहा कि कोठारी ने नृत्यों के उद्गम और उनकी यात्रा को समझने के लिए भारत के कई भीतरी और दूरदराज के हिस्सों में बहुत यात्राएं कीं। उन्होंने भरतनाट्यम, कत्थक, मणिपुरी लोक नृत्यों पर खूब लिखा। उन्होंने कहा कि नृत्य इतिहासकार एवं आलोचक सुनील कोठारी का दिल का दौरा पडने् से दिल्ली में 27 दिसंबर 2020 को निधन हो गया था। वक्ताओं ने नृत्य के क्षेत्र में प्रयासरत कलाकारों से आग्रह किया है कि वे सुनील कोठारी के जीवन से प्रेरणा लेकर नृत्य क्षेत्र में आगे बढ़ें, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी।

## जिला नूंह में प्रशासन गांव की ओर अभियान का 24 तक किया जा रहा है आयोजनः उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** ग्रामीण विकास पर फोकस करते हुए जिला नूंह में 19 से 24 दिसंबर तक प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू किया गया है। ग्रामीण विकास पर केंद्रित इस अभियान के तहत लोगों को बेहतर ढंग से प्रशासनिक सेवाएं मुहैया कराए जाने पर फोकस है। इस अभियान में प्रशासन और प्रभावी रूप से अपना दायित्व निभा रहा है। जिला में इस अभियान के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने प्रशासनिक अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 'प्रशासन गांव की ओर' अभियान का उद्देश्य केंद्र और राज्य सरकार के विभागों की सक्रिय भागीदारी और समर्थन से सुशासन को बढ़ावा देना है। सुशासन सप्ताह के दौरान जनता की शिकायतों के निवारण और सेवा वितरण में सुधार के लिए प्रशासन गांव की ओर अभियान शुरू किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 19 से 24 दिसंबर तक रोजाना गांव के लोगों की समस्याएं सुनी जाएंगी और समस्याओं का निवारण किया जाएगा। सुशासन सप्ताह की रिपोर्ट सीपी ग्राम पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत गुड गवर्नेंस के अंतर्गत किए गए कार्यों का संकलन, प्रचार-प्रसार तथा उन्हें पोर्टल पर अपेक्षित फोटोग्राफके साथ तथा सार्वजनिक शिकायतों के समाधान की सफलता की कहानियों संबंधित विभागों द्वारा पोर्टल पर अपलोड भी की जाएगी। उपायुक्त ने बताया कि सीएम विंडो और एसएमजीटी पर ग्रामीण क्षेत्र से आई शिकायतों का भी जल्द से जल्द समाधान करना है। ग्रामीण क्षेत्र के अंत्योदय केंद्रों में आने वाली शिकायतों का समाधान भी दिए गए समय अनुसार किया जाएगा। सभी विभाग विशेष शिविरों में निपटाए गए सार्वजनिक शिकायतों की संख्या, सीपी ग्राम पोर्टल में निपटाए गए सार्वजनिक शिकायतों की संख्या, राज्य पोर्टलों पर निपटाए गए सार्वजनिक शिकायतों की संख्या, ऑनलाइन सेवा वितरण के लिए जोड़ी गई सेवाओं की संख्या, निपटाए गए सेवा वितरण आवेदनों की संख्या को दैनिक रूप से गुड गवर्नेंस पोर्टल पर अपलोड कराएंगे।

## सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में 25 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा जिला स्तरीय कार्यक्रमः उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती को प्रत्येक वर्ष प्रदेश सरकार द्वारा सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। 25 दिसंबर को सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में प्रत्येक जिला में जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, जिसमें सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों सुशासन पुरस्कार से सम्मानित किया जाता है। सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय व जिला स्तरीय कार्यक्रमों की तैयारियों को लेकर प्रशासन अधिकारियों को निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में राज्य स्तरीय कार्यक्रम गुरूग्राम में आयोजित किया जाएगा, जिसमें मुख्यमंत्री नायब सैनी बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित करेंगे। इसके अलावा जिला स्तर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम में उधोग एवं वाणिज्य,वन एवं पर्यावरण मंत्री राव नरबीर सिंह बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

## जरुरतमंदों को सर्दी से बचाव के लिए

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** सामाजिक संस्था ऑल स्किल एवं रिसर्च फाउंडेशन गत वर्षो की भाँति इस वर्ष भी सर्दियों में जरुरतमंदों को उनकी ज़रूरत का सामान वितरित करेगा। संस्था के अध्यक्ष एमपी शर्मा का कहना है कि समाज के भविष्य के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वाह करते हुए कड़ाके की सर्दी से बचाव के लिए ज़रूरतमंद कुष्ठ रोग से पीड़ित परिवारों, वृद्ध, बेघर बच्चों आदि को गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री भी ससम्मान वितरित किया जाएगा। उनका कहना है कि संस्था गत 3 वर्षो की भांति इस वर्ष भी गर्म वस्त्र एवं राशन वितरण के कार्यक्रम बनाया है, जिसमें 22 दिसम्बर को सैक्टर 4 के ताऊ देवीलाल वृद्धाश्रम, 25 दिसम्बर को सैक्टर आरके पुरम जीवन दीप कुष्ठ आश्रम एवं सत्य जीवन कुष्ठ आश्रम लाजपत नगर नई दिल्ली, 29 दिसम्बर को होमलेस चिल्ड्रन हॉस्टल नाथूपुर, एक जनवरी को पटौदी चौक स्थित साई बाबा कुष्ठ आश्रम तथा 5 जनवरी को वृद्धाश्रम पृथला, पलवल में भी खाद्य सामग्री व गर्म वस्त्र आदि वितरित किए जाएंगे। उनका यह भी कहना है कि उनकी संस्था के सदस्य शहर के विभिन्न क्षेत्रों में खुले आसमान के नीचे फुटपाथ पर रात्रि में गुजर बसर करने वाले लोगों को भी गर्म कपड़े व खाद्य सामग्री वितरित करेगी।

## प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत जागरूकता शिविर का आयोजन

- एमएसएमई विभाग की तरफ से मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज में लगाया गया शिविर



मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** जिला उपायुक्त विश्राम कुमार मीणा के मार्गदर्शन में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यम योजना के तहत - एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम विभाग) की तरफ से वीरवार को मेवात इंजीनियरिंग कॉलेज, पल्ला, नूह में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। डीसी विश्राम कुमार मीणा ने कहा कि प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य प्रसंस्करण उद्यमों योजना के अंतर्गत जिला में ज्यादा से ज्यादा - खाद्य यूनिट बन सके, इसके लिए लोगों को योजना के बारे में जागरूक किया जाए। इसके लिए संबंधित विभाग लोगों को जागरूक करने के लिए जिला स्तर, खंड स्तर व कलस्टर स्तर पर ऐसे जागरूकता शिविरों का आयोजन निरंतर करते रहें। शिविर के दौरान विभाग के उपनिदेशक गौरव लाठर ने बताया कि एमएसएमई विभाग के माध्यम से खाद्य यूनिट को बढ़ावा देने के लिए सरकार द्वारा टर्म लोन पर 35 प्रतिशत अनुदान दिया जाता है, जोकि अधिकतम 10 लाख रुपए तक है। 18 वर्ष की आयु से ऊपर कोई भी व्यक्ति विभाग द्वारा दी जा रही इन योजनाओं का लाभ उठा सकता है। इस शिविर में कृषि एवं कल्याण विभाग, बागवानी विभाग, एलडीएम, नाबार्ड और एनआरएलएम के अधिकारियों नेवी विद्यार्थियों को विभागों द्वारा चलाई जारी विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर काफी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## अवधेश कुमार सिंह पंचतत्व में विलीन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** सीमा जागरण मंच के महासचिव व आरएसएस के पूर्व प्रचारक अवधेश कुमार सिंह का 65 वर्ष की आयु में हृदय गति रुक जाने के कारण निधन हो गया। शुक्रवार को मदनपुरी क्षेत्र स्थित रामबाग श्मशान भूमि परिसर में उनका अंतिम संस्कार किया गया। जिसमें गुरुग्राम में निवास कर रहे पूर्वांचल मूल के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए और उन्हें अंतिम विदाई दी। गौरतलब है कि गत दिवस हृदय गति रुक जाने के कारण उनका निधन हो गया था। कुछ दिन पूर्व वह सडक़ दुर्घटना में चोटिल हो गए थे। हालांकि वह स्वस्थ भी हो गए थे, लेकिन अचानक ही हृदयाघात के कारण उनका निधन हो गया। उनके निधन पर विभिन्न सामाजिक, धार्मिक व राजनैतिक संगठनों के लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

## जरुरतमंद बच्चों को गर्म कपड़े वितरित कर मनाया जन्मदिवस

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** सामाजिक संस्था चिराग वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा पिछले कई वर्षो से सैक्टर 9ए स्थित सामुदायिक केंद्र में क्षेत्र के समाजसेवियों के सहयोग से जरुरतमंद व निर्धन परिवारों के बच्चों के लिए शिक्षा की व्यवस्था की हुई है। समाजसेवी प्रेम प्रकाश मेहता व उनके सहयोगियों का कहना है कि संस्था बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए समय समय पर विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन करती आ रही है। संस्था को क्षेत्र के समृद्धशाली व सामर्थ्यवान व्यक्ति भी सहयोग करते रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को क्षेत्र के बलगानंद तोमर ने अपने पुत्र कार्तिकेय तोमर के जन्मदिवस पर स्कूल में पहुंचकर सभी छात्रों को गर्म कपड़े व पाठ्य सामग्री भी वितरित की। मेहता का कहना है कि अन्य लोगों को भी इस प्रकार के प्रयास करने चाहिए, ताकि जरुरतमंद छात्रों को शिक्षित बनाया जा सके। इस अवसर पर संस्था के संस्थापक अतर सिंह संधू, पुष्पा धनखड़ सहित शिक्षक-शिक्षिकाएं व समाजसेवी भी मौजूद रहे।

## किसानों और निर्बल वर्गो के पक्षधर थे न्यायविद् गोकरनाथ मिश्र

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**गुडग़ांव।** राजनीतिज्ञ व न्यायविद् गोकरननाथ मिश्र नरम विचारों वाले व्यक्ति थे, यही कारण था कि जब महात्मा गाँधी ने असहयोग आन्दोलन प्रारम्भ किया, तब वे कांग्रेस से अलग हो गये। उन्होंने शिक्षा के क्षेत्र में भी बहुत योगदान दिया था। वर्ष 1898 की लखनऊ कांग्रेस में उन्होंने पहली बार भाग लिया था, जिसके बाद उन्होंने वर्ष 1920 तक कांग्रेस के होने वाले हर एक अधिवेशन में भाग लिया। वक्ताओं ने गोकरनाथ मिश्र को उनकी जयंती पर याद करते हुए कहा कि उनका जन्म 20 दिसम्बर, 1871 में उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले में हुआ था। वह प्रारम्भ से ही प्रखर बुद्धि के प्रतिभाशाली छात्र रहे थे। उन्होंने अपनी स्नातक की परीक्षा अच्छे अंकों के साथ उत्तीर्ण की थी, इसीलिए उन्हें इंग्लैण्ड जाकर आगे का अध्ययन करने के लिये नियमित छात्रवृत्ति भी मिलनी थी। किंतु प्राचीन रूढ़ीवादी विचारों वाले उनके दादा-दादी ने गोकरननाथ के विदेश जाने का बहुत विरोध किया, जिसके फलस्वरूप गोकरननाथ मिश्र आगे की उच्च शिक्षा के लिए इंग्लैण्ड नहीं जा सके और लखनऊ विश्वविद्यालय से एमएससी की परीक्षा उत्तीर्ण व क़ानून की डिग्री भी प्राप्त की थी। उन्होंने वकालत शुरू करने के साथ ही व्यावसायिक जीवन में कदम रखा। वह कांग्रेस के कार्यो मे भी भाग लेने लगे। उनका संपर्क गंगाप्रसाद वर्मा, मदन मोहन मालवीय, मोतीलाल नेहरू और विशन नारायण दर जैसे महान नेताओं से हुआ। उन्हें अवध चीफ़कोर्ट का न्यायाधीश नियुक्त किया गया। वह सदा किसानों और निर्बल वर्गो का पक्ष लेते थे। उनका कहना है कि तत्कालीन उत्तर प्रदेश सरकार ने आयुर्वेद तथा यूनानी तिब्बी चिकित्सा पद्धतियों के विकास की व्यवस्था करने तथा उनके व्यवसाय को विनियमित करने, सुव्यवस्थित करने तथा संगठित करने हेतु वर्ष 1925 में जस्टिस गोकरननाथ मिश्र की अध्यक्षता मे एक समिति गठित की थी, जिसकी संस्तुति के आधार पर 1926 में बोर्ड ऑफ़ इण्डिया मेडिसिन की स्थापना कर भारतीय चिकित्सा प्रणालियों के विकास के लिए उपाय तथा साधन प्रस्तुत करने, वैद्यों तथा हकीमों का पंजीकरण करने, आयुर्वेद/यूनानी चिकित्सालयों तथा विद्यालयों को अनुदान देने, भारतीय चिकित्सा प्रणालियों के अध्ययन व अभ्यास के सम्बंध में नियंत्रण करने का कार्यभार सौपा गया। 10 जुलाई 1929 को उनका निधन हो गया।

# दिव्यांगजनों का समाज में नेतृत्व सबसे महत्वपूर्ण- प्रदीप सिंह मलिक




मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस

**नूंह, अभयसिंह सैनी।** कैरिटास इंडिया सामाजिक संस्था और रूप वीके जैन फाऊंडेशन द्वारा विश्व दिव्यांगता दिवस मनाया गया। कार्यक्रम बाल भवन सामुदायिक केंद्र नूंह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में कभी 200 दिव्यांगजनों ने हिस्सेदारी ली। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अतिरिक्त उपायुक्त प्रदीप सिंह मलिक रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना करके शुरू किया गया। परियोजना विस्तार सहयोगी राजकुमार ने कैरिटास इंडिया टीम की तरफ से सभी अतिथियो और दिव्यांगजनों का स्वागत किया। उन्होंने बताया कि विश्व दिव्यांग दिवस पूरे विश्व में 3 दिसंबर को मनाया जाता है। इसका उद्देश्य समाज में दिव्यांग जनों की भागीदारी और समाज में समावेश करना है। इस दिवस पर राष्ट्रीय एवं प्रदेश स्तर पर प्रतिभाशाली दिव्यांग जनों को सम्मानित किया जाता है। रूप वीके जैन फाउंडेशन और कैरिटास इंडिया इस कार्यक्रम को जॉय ऑफएबिलिटी के रूप में मनाया जाता है। मुख्य अतिथि ने दिव्यांगजनों को विश्व दिव्यांग दिवस की शुभकामनाएं दी। उन्होंने बताया कि हम सब की जिम्मेदारी है कि दिव्यांग जनों को सामाजिक आर्थिक एवं राजनीतिक रूप से एक समान भागीदारी मिले। उन्होंने बताया कि दिव्यांगजन भी समाज का हिस्सा है और हमेशा सभी दिव्यांगजन अपने जीवन में एक लक्ष्य रखें और उसे पूरा करने पर ध्यान दे। सरकार की बहुत सारी योजनाएं जो की दिव्यांगजनों के अधिकारों को लेकर चलाई जा रही है आप सभी उनका फायदा ले। विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सरबजीत थापर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, सुंदरलाल खत्री, एवं विशेष आमंत्रित अतिथियों के रूप में महेश मलिक डीटीओ, मीना ठाकुर समाज सेविका, शौकीन कोटला, अंतराम सरपंच, पापीज सरपंच रोजकामेव , सरपंच बसई गांव, एवं सभी छाया कर बंधु रहे। रूप वीके जैन फाउंडेशन के डायरेक्टर गौरव जैन ने इस कार्यक्रम में आए हुए सभी दिव्यांगजनों को बधाइयां दी और उन्होंने बताया कि उन्हें सबसे ज्यादा दिव्यांगजनों के कार्यक्रमों में जाना अच्छा लगता है। वह और उनकी पूरी संस्था हमेशा दिव्यांगजनों के अधिकारों के प्रति उनके साथ खड़े हुए हैं। और धीरे-धीरे दिव्यांग जनों को सशक्त बनाने का कार्य कर रहे हैं। रूप ऑटोमोबाइल कंपनी से अरविंद चौरसिया, आकाश शुक्ला एवं अन्य साथीगण प्रोग्राम में आए। सीएमओ सरबजीत थापर ने बताया कि अगर दिव्यंका प्रमाण पत्र में कोई भी परेशानी आती है तो दिव्यांगजन बिना किसी रुकावट के उनसे मिल सकते हैं। इस कार्यक्रम में फादर इरूदया कुमार मैनेजर मारिया मंदिर स्कूल के माध्यम से 100 जरूरतमंद दिव्यांगजनों को कंबल वितरण किए गए। और आठ दिव्यांग जनों को सहायक उपकरण दिए गए।इस मौके पर कैरिटास इंडिया टीम से रेखा धनकर, सीमा, और अंजू ने दिव्यांगजनों को उनके अधिकारों के बारे में जागरूक किया।

# निजी स्कूल संचालक को टीसी जारी करने के एसडीएम ने दिए निर्देश

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** शुक्रवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित हुए समाधान शिविर में एसडीएम रविंद्र कुमार ने एक दुरूखी पिता की फरियाद पर उसकी बेटी को तुरंत टीसी दिलवाने के शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश जारी किए। बिलासपुर में किराए पर रह रहे निरंजन ने रोते हुए समाधान शिविर में बताया कि उसकी बेटी ने बिलासपुर के एक निजी विद्यालय से इस साल दसवीं कक्षा उत्तीर्ण की थी। उसके बाद उसकी बेटी बीमार हो गई और उसने स्कूल जाना छोड़ दिया था। जब उसकी बेटी ने आगे पढ़ाई करने के लिए सरकारी स्कूल में दाखिला लेने की कोशिश की तो प्राइवेट स्कूल संचालक ने पहले सवा लाख रूपए जमा करवाने को कहा। स्कूल प्रबंधकों का कहना है कि यह फीस बकाया है। इसके जमा होने के बाद ही टीसी दिया जाएगा। निरंजन ने एसडीएम रविंद्र कुमार को बताया कि वह मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का निर्वाह कर रहा है। इतनी राशि देने की उसकी क्षमता नहीं है। बेटी की पढ़ाई ठप है और उसका एक साल इसी कारण से बेकार हो गया। एसडीएम ने कहा कि बकाया फीस वसूली के लिए टीसी का ना दिया जाना उचित नहीं है। उन्होंने शिक्षा विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि स्कूल प्रबंधकों को इस बारे में सख्त निर्देश दिए जाएं और लड़की को टीसी दिलवाया जाए।



समाधान शिविर में आज 17 शिकायतों की सुनवाई की गई, जिनमें संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई के निर्देश दे दिए गए हैं। स्थानीय पटौदी चौक पर रहने वाली गीताजंली ने बताया कि उसके पति की दस साल पहले किडनी ट्रांसप्लांट हुई थी। अब दोबारा से पति की तबियत ठीक नहीं है और उनका ईलाज करवाना है। उनका बीपीएल कार्ड बना हुआ है। लेकिन आयुष्मान कार्ड नहीं है। उसने एसडीएम से आयुष्मान कार्ड बनवाने का अनुरोध किया। एसडीएम ने डिप्टी सीएमओ को तत्काल यह कार्ड बनवाने और गीताजंली के पति का ईलाज करवाने के निर्देश दिए। गांव सुल्तानपुर निवासी सुरेश कुमार ने बताया कि करीब एक साल पहले उनकी जमीन का रेलवे लाइन बिछाने के लिए अधिग्रहण किया गया था, लेकिन अभी तक मुआवजा नहीं मिला है। एसडीएम रविंद्र कुमार ने पटौदी एसडीएम को इस बारे में कार्रवाई के लिए पत्र जारी कर दिया है। इस अवसर पर एसीपी सुखबीर सिंह, तहसीलदार शिखा गर्ग, जुनाइल जस्टिस बोर्ड के सदस्य रणजीत सिंह, डिप्टी सीएमओ डा. पवन कुमार, बिजली वितरण निगम की एसडीओ सुमन कश्यप, जीएमडीए के एसडीओ जगदीशचंद्र, शिक्षा विभाग के उपाधीक्षक बिजेंद्र यादव, सदर कानूनगो गुलाब सिंह इत्यादि मौजूद रहे।

# महाराजा छत्रसाल जीवनभर जूझते रहे मुगलों से

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडगांव।** देश में योद्धाओं की कभी कोई कमी नहीं रही है। ऐसे वीर योद्धा देश के विभिन्न प्रदेशों में हुए हैं कि उन्होंने मुगल व अंग्रेज शासकों से भी कड़ी टक्कर ली है और उनके साम्राज्य को ध्वस्त करने में कभी कोई कोर कसर बाकी नहीं रखी है। ऐसे ही वीर योद्धा महाराजा छत्रसाल मध्य युग के महान प्रतापी योद्धा थे। उन्होंने मुगल शासक औरंगजेब को युद्ध में पराजित करके बुन्देलखण्ड में अपना स्वतंत्र हिंदू राज्य स्थापित किया था। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म 4 मई 1649 को बुंदेला क्षत्रिय राजपूत परिवार में हुआ था। वह ओरछा के रुद्र प्रताप सिंह के वंशज थे। अपने समय के महान वीर, संगठक, कुशल और प्रतापी राजा थे। उनका जीवन मुगलों की सत्ता के खिलाफसंघर्ष और बुन्देलखण्ड की स्वतन्त्रता स्थापित करने के लिए जूझते हुए निकला। वह अपने जीवन के अन्तिम समय तक मुगलों से जूझते रहे। उन्होंने बाल्यावस्था में ही युद्ध कौशल की शिक्षा प्राप्त कर ली थी। महाराजा छत्रसाल अपने रण कौशल व छापामार नीति के आधार पर मुगलों के छक्के छुड़ाते रहे। उन्होंने मुगलों से कई लड़ाईयां लड़ी। वक्ताओं का कहना है कि विक्रम संवत् 1744 में छत्रसाल का राज्याभिषेक किया गया था। वह अपने गुरु प्राण नाथ का बड़ा आदर सम्मान करते थे और उन्हीं के दिशा-निर्देशों को मानते हुए उन्होंने औरंगजेब से कई युद्ध किए थे। युद्ध में उन्होंने औरंगजेब को घायल कर छोड़ दिया था। बताया जाता है कि उनके द्वारा दिए गए घावों के कारण ही औरंगजेब की मौत हुई थी। वक्ताओं ने देशवासियों से आग्रह किया कि ऐसे महानवीर संगठक व प्रतापी वीरों का मान सम्मान किया जाना चाहिए और उनके द्वारा दिखाए रास्ते पर चलकर ही देश व समाज का भला संभव है। 20 दिसम्बर 1731 को उनका निधन हो गया।

# शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान जाट सभा 2 दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ आज से

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** सामाजिक संस्था शैक्षणिक एवं सामाजिक उत्थान जाट सभा द्वारा आज शनिवार को सैक्टर 46 स्थित सामुदायिक भवन परिसर में संस्था का 2 दिवसीय 11वां वार्षिकोत्सव संस्था के प्रधान विनोद दहिया की अध्यक्षता में धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें संस्था से जुड़े पदाधिकारी, प्रदेश मंत्री व गणमान्य व्यक्ति शामिल होंगे। संस्था के महासचिव देवेंद्र खत्री व कोषाध्यक्ष योगेश्वर दहिया ने बताया कि आज शनिवार को सामुदायिक भवन परिसर में कार्यक्रम का शुभारंभ खेल गतिविधियों से शुरु होगा। जिसमें विभिन्न प्रतिस्पर्धाएं आयोजि की जाएंगी और बड़ी संख्या में प्रतिभागी भाग लेंगे। रविवार को आयोजित होने वाले कार्यक्रम में रक्तदान शिविर, सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजन के अलावा विजेताओं को पुरुस्कार वितरित किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रुप में प्रदेश के शिक्षामंत्री महिपाल ढांडा, विशिष्ट अतिथि के रुप में बाढ्रा क विधायक उम्मेद पातूवास, दादरी के विधायक सुनील सांगवान, दिल्ली कैंट के विधायक वीरेंद्र कादियान सहित प्रदेश के पूर्वमंत्री देवेंद्र बबली, बलराज कुण्डू, गुलाब दीमाना आदि शामिल होंगे। आयोजन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समुदाय की अन्य संस्थाओं के पदाधिकारी व सदस्य भी इस आयोजन में बड़ी संख्या में शामिल होंगे। आयोजन को सफल बनाने में संस्था के सदस्य जुटे हुए हैं।

# मंडल रोजगार कार्यालय में 24 दिसंबर को आयोजित होगा रोजगार मेला

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुरुग्राम, मोहित सैनी।** लघु सचिवालय परिसर के पांचवे तल पर स्थित मंडल रोजगार कार्यालय में 24 दिसंबर को सुबह 9.30 बजे रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। इसमें एलआईसी सहित विभिन्न कंपनियों के अधिकारी युवाओं का चयन करने के लिए आएंगे। रोजगार अधिकारी रणजीत रावत ने यह जानकारी देते हुए बताया कि रोजगार मेले में दसवीं, बारहवीं, स्नातक एवं स्नातकोत्तर तक शिक्षा प्राप्त युवक और युवतियां भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि मेले में एलआईसी द्वारा बीमा सखी बनाने के लिए युवतियों के इंटरव्यू लिए जाएंगे। अन्य युवा भी एलआईसी एजेंट बनने के लिए अपना आवेदन दे सकते हैं। डीडी सेल्स कार्पोरेशन लि. व आईसीआईसीआई बैंक के अधिकारी भी युवाओं का चयन करने के लिए इंटरव्यू लेंगे। जिन युवाओं ने रोजगार विभाग हरियाणा में अपना पंजीकरण करवाया हुआ है, वे ही इस मेले में भाग ले सकते हैं। इसलिए युवा विभाग के पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करवा लें। उन्होंने बताया कि रोजगार कार्यालय में भी पंजीकरण करवाया जा सकता है। रणजीत रावत ने बताया कि 24 दिसंबर को लगाए जाने वाले इस मेले में युवा अपने साथ अपने शैक्षणिक प्रमाण पत्र, बायोडाटा व रोजगार विभाग का रजिस्ट्रेशन कार्ड लेकर आएं।

# वर्ल्ड रिकॉर्ड के आखिरी पड़ाव पर नरेंद्रः अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी विनसन पर पहुंचे, रोचक है कहानी

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**कोसली।** अगर दिल में कुछ कर गुजरने का पक्का इरादा हो, तो हौसलों के आगे मुश्किल रास्ते भी आसान हो जाते हैं। ऐसा ही पक्का इरादा लेकर निकले हैं हरियाणा के रेवाड़ी के कोसली के गांव नेहरूगढ़ के नरेंद्र सिंह यादव, जो अपने 7 समिट प्रोजेक्ट के आखिरी पड़ाव को पूरा करने के लिए 20 दिसंबर को विनसन मसिफ बेस कैंप अंटार्कटिका पहुंच गए हैं। 18 दिसंबर को स्पार्क मिंडा के चेयरमैन अशोक मिंडा ने फ्लैग ऑफ कर शुभकामनाएं देकर रवाना किया था। अब भारत और विश्व के पहले युवा पुरुष पर्वतारोही होने का वर्ल्ड रिकॉर्ड कायम करेंगे। नरेंद्र सिंह यादव के इस अभियान में पूरे विश्व से पर्वतारोही शामिल होंगे। अभियान में नरेंद्र भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। अभियान को स्पार्क मिंडा ने स्पॉन्सर किया है। विनसन को शरीर को जमा देने वाला पर्वत भी कहा जाता है। क्योंकि यहां का तापमान हर समय शून्य से लगभग माइनस 50 से 60 डिग्री रहता है। यह पर्वत तकनीकी तौर पर बहुत ही दुर्गम है। अत्याधिक ठंड और तेज बर्फिली हवा से यह पर्वत और खतरनाक बना देते हैं। बहुत कम पर्वतारोही इस पर्वत को चढ़ने में कामयाब हुए हैं क्योंकि इस पर्वत की चढ़ाई बहुत ही खतरनाक और जोखिमों से भरी हुई है।

अंटार्कटिका की सबसे ऊंची चोटी है विनसन मसिफ

अंटार्कटिका महाद्वीप की सबसे ऊंची चोटी विनसन मसिफ (4892 मीटर) है। विंसन मसिफ अंटार्कटिका में एक बड़ा पर्वतीय मासिफ है, जो 21 किमी (13 मील) लंबा और 13 किमी (8 मील) चौड़ा है और एल्सवर्थ पर्वत की सेंटिनल रेंज में स्थित है। यह अंटार्कटिक प्रायद्वीप के आधार के पास रोने आइस शेल्फ को देखता है। यह मासिफ दक्षिणी ध्रुव से लगभग 1,200 किलोमीटर (750 मील) की दूरी पर स्थित है।

सात महाद्वीपों पर फ्तेह करने का है सपना

सेना के जवान कृष्णचंद के बेटे नरेंद्र का सपना सभी सात महाद्वीपों को फ्तह कर बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवाना चाहते हैं। नरेंद्र पांच महाद्वीपों की सबसे ऊंची चोटियों पर फ्तह कर कई विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुके हैं। उन्होंने 2012 में बेसिक्स ऑफ माउंटेनियरिंग, 2013 में एडवांस, 2015 में एमओआई (मेथड्स ऑफ इंस्ट्रक्शन) और 2022 में सर्च एंड रेस्क्यू समेत सभी प्रमुख पर्वतारोहण पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं।

एकॉनकागुआ चोटी को भी कर चुके फ्तह

नरेंद्र ने 2016 और 2022 दोनों ही बार बिना किसी अनुकूलन के सिर्फ छह दिनों में माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। उन्होंने माउंट किलिमंजारो को चार बार, माउंट एल्ब्रस को दो बार ट्रैवर्स के जरिए और माउंट कोसियसको सहित ऑस्ट्रेलिया की दस सबसे ऊंची चोटियों पर तीन बार फ्तह किया है। इसके अलावा उन्होंने दक्षिण अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी एकॉनकागुआ और उत्तरी अमेरिका की सबसे ऊंची चोटी डेनाली पर भी फ्तह की है।

12 वर्ष की उम्र में शुरू हुई पर्वतारोहण यात्रा

नरेंद्र की पर्वतारोहण यात्रा 12 वर्ष की आयु में उनके स्कूल के दिनों में शुरू हुई, जब उन्होंने जम्मू और कश्मीर की पहाड़ियों पर चढ़ना शुरू किया था। उन्होंने 2008 में नियमित रूप से पर्वतारोहण का अभ्यास करना शुरू किया था। 19 वर्ष की आयु में वे 6,512 मीटर ऊंची भागीरथी-2 और 5,612 मीटर ऊंची डीकेडी-2 पर चढ़ने वाले सबसे कम उम्र के पर्वतारोही बन गए थे। उन्होंने कालिंदी दर्रा, वासुकी ताल दर्रा को भी सफ्लतापूर्वक पार किया और लेह और गढ़वाल में चोटियों पर चढ़े। नरेंद्र को विभिन्न वैश्विक रिकॉर्ड संस्थानों द्वारा विश्व सम्राट के रूप में सम्मानित किया गया है और उन्होंने पर्वतारोहण में 22 प्रभावशाली विश्व रिकॉर्ड बनाए हैं।

# हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने शुक्रवार को मानेसर निगम क्षेत्र में सुनी जनसमस्याएं

**➤ कैबिनेट मंत्री ने बिजली निगम के अधिकारियों को सख्त लहजे में दी चेतावनी, अगले एक महीने में बिजली के लटके व ढीले तारों को ठीक करवाएं अधिकारी**

**➤ एचएसआईडीसी द्वारा गांव हरसरू में 2 एकड़ में बनाया जाएगा कम्युनिटी सेंटर, 31 मार्च तक हयातपुर में निर्माणाधीन कम्युनिटी सेंटर का काम होगा पूरा: राव नरबीर सिंह**

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुरूग्राम, मोहित सैनी।** हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य, पर्यावरण, वन एवं वन्य जीव मंत्री राव नरबीर सिंह ने कहा कि दक्षिण हरियाणा के लोगों ने जिस उम्मीद व विश्वास के साथ भारतीय जनता पार्टी को तीसरी बार सेवा का मौका दिया है। मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी के कुशल नेतृत्व में आमजन की सरकार से जो भी अपेक्षाएं हैं उन्हें प्राथमिकता के साथ पूरा किया करवाया जाएगा। कैबिनेट मंत्री ने बादशाहपुर विधानसभा में पिछले पांच वर्षों में विकास कार्यों में हुई देरी का उल्लेख करते हुए कहा कि आने वाले पांच सालों में सभी पुराने विकास कार्यों को पूरा कर, नई परियोजनाओं से क्षेत्र के विकास को नई गति दी जाएगी। कैबिनेट मंत्री शुक्रवार को मानेसर निगम क्षेत्र के गाँव हरसरू, बामडोली, हयातपुर व वजीरपुर में आयोजित समाधान शिविर को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान कैबिनट मंत्री का गांव हयातपुर पहुँचने पर खुली जीप में फूलों की वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया गया। राव नरबीर ने जनसमस्याओं की सुनवाई करते हुए बिजली निगम के अधिकारियों को सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए बिजली के लटके व ढीले तारों को अगले एक महीने में ठीक करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बिजली की निर्बाध सप्लाई को लेकर बिजली के तारों को ठीक करने के साथ खंभों को तत्काल प्रभाव से ठीक करने के निर्देश दिए हैं। कैबिनेट मंत्री ने हिदायत दी कि सड़क के बीचों बीच कोई बिजली का खंभा नहीं होना चाहिए, यदि कहीं है तो उसे तुरंत प्रभाव से हटाया जाए। कोई भी ट्रांसफॉर्मर ओवरलोड नहीं होना चाहिए, यदि ओवरलोड पाया जाता है तो उसे तत्काल प्रभाव से निगम के निर्देशों के अनुसार लोड को विभाजित किया जाए। उन्होंने गांव हरसरू में कम्युनिटी सेंटर की मांग पर संज्ञान लेते हुए कहा कि गांव में एचएसआईडीसी द्वारा करीब 2 एकड़ भूमि पर अत्याधुनिक कम्युनिटी सेंटर का निर्माण करवाया जाएगा। वहीं गांव हयातपुर में निर्माणाधीन कम्युनिटी सेंटर का काम भी 31 मार्च से पहले पूरा हो जाएगा। निर्माण के उपरांत ग्रामीणों की मांग के अनुरूप इसे संचालन के लिए निगम द्वारा गाँव मे गठित कमेटी को सौंप दिया जाएगा। इस दौरान उन्होंने गांव हयातपुर में हरिजन चौपाल के नए निर्माण की मांग को स्वीकार कर संबंधित अधिकारियों को इस दिशा में काम करने के निर्देश दिए। कैबिनेट मंत्री ने विभिन्न गांवों में सीवर के टूटे ढक्कनों की शिकायत के संदर्भ में इनकी गुणवत्ता जांचने के भी निर्देश दिए। इस दौरान गांव बामडोली में ग्रामीणों द्वारा पुलिस गश्त बढ़ाने की मांग पर भी उन्होंने पुलिस अधिकारियों को उचित दिशा निर्देश दिए। ग्रामीणों द्वारा बड़ी विकास परियोजनाओं की मांग के संदर्भ में कैबिनेट मंत्री ने उनका मार्गदर्शन करते हुए कहा कि वे ऐसे विकास कार्यों की सूची तैयार करें। जिनमें अधिक से अधिक लोगों को उसका लाभ मिल सके। राव नरबीर सिंह ने इस दौरान गांवों में गंदे पानी की निकासी, जोहड़, स्ट्रीट लाइट, सड़कों के जीर्णोद्धार व स्वच्छता से जुड़ी विभिन्न समस्याओं की सुनवाई कर संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने उपस्थित जनसमूह को आश्वस्त किया कि आपने सीवर, पेयजल, स्वच्छता व ग्रीनबेल्ट सहित अन्य जो भी मांगे रखी है। ये सभी अगले एक सप्ताह में संबंधित विभागों में भेज कर इनके निवारण की समय सीमा तय कर अधिकारियों को दिशा निर्देश दिए जाएंगे। इस अवसर पर मानेसर के एसडीएम दर्शन यादव, फर्म एंड सोसायटीज के जिला रजिस्ट्रार लोकेश यादव, प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के आरओ विजय चौधरी, नायब तहसीलदार हरसरू आशीष मलिक, देवेंद्र यादव शिकोहपुर, नरेंद्र चौहान बिट्टू, जितेंद्र चौहान, राम कुमार प्रधान बामडोली, विपिन यादव, पुरषोत्तम यादव, शेर सिंह चौहान, डॉ विजय चौहान नम्बरदार, नवीन चौहान, निगम पार्षद ब्रह्मा यादव, राकेश फाजिलपुर सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे।




# नगर परिषद पटौदी जाटोली मंडी के चुनावों का बिगुल बजा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**पटौदी, (सैनी)।** नगर परिषद पटौदी जाटौली मंडी के चुनावों का बिगुल बज गया है। चुनाव आयोग आयुक्त कार्यालय द्वारा मतदाता सूची का ड्राफ्ट पब्लिकेशन कर दिया गया है। आरक्षित वार्डो की भी घोषणा कर दी गई है। तत्कालीन एमएलए सत्यप्रकाश जरावता के प्रयासों से पटौदी और हेलीमंडी नगर पालिकाओं सहित दस गांवों को मिलाकर नगर परिषद का गठन किया गया था। नगर परिषद बनने के बाद पहली बार चुनाव होने जा रहे है। हालांकि अभी तक चेयरमैन पद के आरक्षित होने पर सस्पेंस बना हुआ है। परिषद के कार्यकारी अधिकारी सुशील कुमार भुक्कल ने बताया कि सभी वार्डो की मतदाता सूची बूथ अनुसार नगर परिषद कार्यालय पटौदी व जाटौली मंडी कार्यालय में उपलब्ध है। मतदाता अपना नाम चौक कर सकते है और ऑब्जेक्शन होने पर 18दिसंबर से 23दिसंबर 2024 तक आपत्ति दर्ज करा सकते है। उसके बाद 24 से 27 दिसंबर तक एसडीएम पटौदी कम निर्वाचन अधिकारी नगरपरिषद पटौदी जाटौली मण्डी के द्वारा सभी ऑब्जेक्शन और क्लेम पर सुनवायी की जाएगी। उसके बाद भी संतुष्टि नही होने पर मतदाता जिला उपायुक्त महोदय कम जिला निर्वाचन अधिकारी के समक्ष समाधान के लिए आवेदन कर सकता है।



इस प्रकार होंगे आरक्षित वार्ड
पटौदी जाटोली मंडी नगर परिषद क्षेत्र में 22 वार्डों में कुल 40479 मतदाता है।
एससी आरक्षित वार्ड - 2, 3,13,19 व 21
एससी महिला वार्ड - 3 व 19
बीसी ए वार्ड - 5 व 10
बीसी ए महिला - 10
बीसी बी - 20 और 22
बीसी बी महिला - 20
सामान्य वर्ग वार्ड - 1,6,8,11,14,15,16, 17और 18
सामान्य वर्ग महिला वार्ड - 12, 7, 9, 4

# हर भारतीय का उद्देश्य है कि पूरे विश्व को पिरोया जाए एक सूत्र में: प्रो. सपरा

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** भारतीय संस्कृति एकात्म भाव व वसुधैव कुटुम्बकम का संदेश विश्व को देती आ रही है। हर भारतीय का उद्देश्य होता है कि पूरे विश्व को एकसूत्र में पिरोया जाए। अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस प्रतिवर्ष 20 दिसम्बर को मनाया जाता है, इसका उद्देश्य है कि लोगों को विविधता में एकता का महत्व बताते हुए जागरूक किया जाए। शिक्षाविद् प्रो. सुभाष सपरा ने कहा कि विश्व के विभिन्न देश अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस जनता के बीच शांति, भाईचारा, प्यार, सौहार्द और एकता के संदेश का प्रसार करते हैं। विश्व में विभिन्न भाषाओं संस्कृति और नस्ल वाले लोग रहते हैं और ऐसा अक्सर देखा गया है कि इन्हें एकता की कमी और हित के टकराव के कारण विश्व में कई बार हिंसा, आतंकवाद, युद्ध और अन्य समस्याएं होती रहती हैं इतना ही नहीं इसकी हानि पूरी मानव जाति उठाती है। इसीलिए हमें जरूरत है कि नागरिकों के बीच आपस में सहयोग और एकता बनी रहे मात्र यही एक जरिया है जिससे इन घटनाओं को रोका जा सकता है। प्रो. सपरा ने कहा कि हेल्प4ह्यूमेन रिसर्च ऐंड डेवलपमेंट ने भारतीयों को एकता के सूत्र में बांधने की पहल की है। यह संस्था हमेशा से देश में शांति, एकता और भाईचारे की भावना के प्रसार के लिए बढ़चढ़ कर हिस्सा लेती रही है। वक्ताओं ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र ने एकता का संदेश देने के लिए अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस घोषित कर रखा है। अंतरराष्ट्रीय मानव एकता दिवस एकजुटता को साझा हितों और उद्देश्यों के बारे में जागरूकता के रूप में परिभाषित किया जाता है जो एक ऐसे समाज में एकता और संबंधों की मनोवैज्ञानिक भावना पैदा करते हैं जो लोगों को एक-दूसरे के साथ बांधते हैं। उनका कहना है कि सभी सतत विकास प्रोत्साहित हो, अंतरराष्ट्रीय संबंधों में मजबूती आएं, नागरिकों के बीच में एकता और भाईचारा बढ़े, विश्व एक बेहतर स्थान बने, विश्व में शांति और सौहार्द्र बढ़े, आपसी सहयोग से समावेशी विकास हो व विविधता के माध्यम से एकता का प्रदर्शन किया जा सके।

# कानून व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस ने किए अथक प्रयास

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** प्रदेश सरकार ने प्रदेश के सभी जिलों में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए अपनी ओर से वह सब किया जो जरुरी होता है। यानि कि अपराधों में कमी लाने के लिए अपराधियों की नकेल कसने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ी। इस हिसाब से वर्ष 2024 उपलब्धियों से भरा रहा, कहा जाए तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। गुडग़ांव पुलिस ने ईनामी बदमाशों को दबोचकर सीखचों के पीछे पहुंचा दिया, लेकिन चोरी और साईबर क्राईम के मामले पूरे साल बढ़ते ही गए। हालांकि गुरुग्राम पुलिस ने अवैध रुप से चलाए जा रहे फर्जी कॉल सेंटरों का भी भंडाफोड़ किया और उनके संचालकों को उनके कर्मियों सहित सीखचों के पीछे भेज दिया। बड़े से बड़ा अधिकारी भी साईबर क्राईम का शिकार हुए बिना नहीं रहा। जहां इनकी फेसबुक आईडी हैक कर इन्हें धोखाधड़ी का शिकार भी बनाया। पुलिस आयुक्त विकास अरोड़ा की काफी तेजतर्रार पुलिस अधिकारियों में गिनती की जाती है। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को समय समय पर चेतावनी देते हुए उन्हें आगाह भी कर दिया था कि किसी भी सूरत में बढ़ते अपराध सहन नहीं किए जाएंगे। भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन सरकार की प्रतिबद्धता है। इसी को ध्यान में रखकर अधिकारियों को कार्य करने होंगे। जिसका असर भी पुलिस प्रशासन में दिखाई दिया। उधर यातायात को सुचारु रुप से चलाने के लिए पुलिस ने अपनी ओर से भरसक प्रयास किए, लेकिन लापरवाह लोगों के कारण पुलिस के प्रयासों का कोई विशेष प्रभाव दिखाई नहीं दिया। ये लापरवाह लोग यातायात नियमों की अवहेलना करना ही अपनी शान समझते हैं। पुलिस ने समय-समय पर जागरुकता अभियान भी चलाया। शहर में सडक़ दुर्घटनाओं में लोग दुर्घटना का शिकार हुए। हालांकि पुलिस प्रशासन ने वाहन चालकों के चालान काटकर करोड़ों रुपए का राजस्व भी प्राप्त किया। पुलिस आयुक्त त्वरित कार्यवाही करने के लिए जाने जाते हैं। पुलिस आयुक्त की कार्यशैली का ही प्रभाव है कि कई ईनामी बदमाश पुलिस ने धरे और उन्हें सलाखों के पीछे पहुंचा दिया, लेकिन पुलिस के अथक प्रयासों के बाद भी चोरी व साईबर क्राईम के मामलों में कमी नहीं आ सकी। चोरों के हौंसले साईबर सिटी में बुलंद दिखाई दे रहे हैं। विश्व में अपनी छवि बनाए हुए गुडग़ांव की इन फर्जी कॉल सेंटरों के कारण छवि धूमिल हो रही है। ऋष्ण दिलाने व केवाईसी के नाम पर आए दिन फर्जी कॉल से ठगी हो रही है। प्रतिदिन नए-नए हथकंडे अपनाकर ठग लोगों के साथ बड़ी ठगी कर रहे हैं। साईबर क्राइम की टीम फर्जी कॉल सेंटरों पर शिकंजा कसने में जुटी है। कुल मिलाकर पुलिस प्रशासन की उपलब्धियों के लिए यह वर्ष संतोषजनक रहा।

# आयुष विभाग ने विश्व ध्यान दिवस पर ध्यान सत्र का किया आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** विश्व ध्यान दिवस पर आयुष विभाग द्वारा सैक्टर 9 स्थित राजकीय महाविद्यालय परिसर में ध्यान सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें महाविद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाएं, छात्र बड़ी संख्या में शामिल हुए। जिला योग विशेषज्ञ भूदेव ने सभी को ध्यान अभ्यास व उससे होने वाले लाभ के बारे में विस्तार से बताया। उनका कहना है कि नियमित ध्यान के अभ्यास से मानसिक शांति व विचारों में स्थिरता आती है, आत्म विश्वास एवं विवेक शक्ति में वृद्धि होती है, धैर्य और प्रसन्नता का भाव जागृत होता है।



हाइपरटेंशन व गुस्सा की प्रवृत्ति दूर होती है। आँखों व मस्तिष्क में शीतलता व आराम का अनुभव होता है। बेचौनी व चिंताएँ दूर होती है। उन्होंने कहा कि घर, परिवार कार्यालय आदि स्थानों पर अन्य लोगों से समन्वय स्थापित होता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। मानसिक स्वास्थ्य, विवेक शक्ति व ज्ञान प्रसार में मजबूती मिलती है। अद्यात्म का विकास होता है। उन्होंने बताया कि आज शनिवार को जिले के विद्यालयों, महाविद्यालयों व विश्वविद्यालय में ध्यान सत्र का आयोजन किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र, शिक्षक व गणमान्य व्यक्ति भाग लेंगे।

# नहीं हो सका विश्व धर्म संसद का आयोजन

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** महामंडलेश्वर यति नरसिंहानंद गिरि महाराज द्वारा सनातन धर्म की रक्षा के प्रति आमजन को जागरुक करने के लिए आयोजित की जाने वाली 3 दिवसीय विश्व धर्म संसद का आयोजन जिला प्रशासन द्वारा अनुमति न दिए जाने के कारण नहीं हो सका। गुरुग्राम की सामाजिक संस्था भारत बचाओ संगठन के संयोजक विक्रम यादव का कहना है कि इस आयोजन में देश के ही नहीं, अपितु विदेशों से भी साधु-संत व विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल होने थे, लेकिन उत्तराखंड सरकार व हरिद्वार जिला प्रशासन द्वारा अनुमति न दिए जाने के कारण धर्म संसद नहीं हो सकी। यति नरसिंहानंद महाराज ने प्रशासन पर आरोप लगाते हुए कहा कि धर्म संसद को बलपूर्वक रोक दिया गया है। इतना ही नहीं, आयोजन स्थल जूना अखाड़े परिसर में घुसकर इस आयोजन को रोकने का कार्य भी पुलिस प्रशासन ने किया। उनका कहना है कि सरकार की इस कार्यवाही को वह सुप्रीम कोर्ट में चुनौती देंगे। परिसर में बंगलामुखी महायज्ञ का आयोजन चल रहा है। आज महायज्ञ की पूर्णाहूति कर सुप्रीम कोर्ट तक अपने सहयोगियों के साथ पदयात्रा पर रवाना होंगे। उनका यह भी कहना है कि वे अपने बयानों को लेकर सुप्रीम कोर्ट में अपना पक्ष रखेंगे। उनके अनुयायी व सहयोगी भी इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में शामिल होंगे।



# बाबा सोहन सिंह भकना का स्वतंत्रता संग्राम आंदोलन में रहा बड़ा योगदान

मेवात न्यूज़ एक्सप्रेस
**गुडग़ांव।** देशवासी आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। ऐसे में उन क्रांतिकारियों व स्वतंत्रता सेनानियों को देश याद कर रहा है, जिन्होंने देश को आजाद कराने के लिए अपना सर्वोच्च बलिदान भी दिया था। इन क्रांतिकारियों में से बाबा सोहन सिंह भकना भी एक थे। उनकी पुण्यतिथि पर उन्हें याद करते हुए वक्ताओं ने कहा कि उनका जन्म अमृतसर में 22 जनवरी 1870 को एक संपन्न किसान परिवार में हुआ था। जब वह मात्र एक वर्ष के थे तो उनके पिता का निधन हो गया था। उनकी मां राम कौर ने ही उनका पालन-पोषण किया था और उन्हें उनसे ही धार्मिक शिक्षा प्राप्त हुई थी। वह उर्दू और फारसी के अच्छे ज्ञाता थे। कहा जाता है कि युवावस्था में सोहन सिंह गलत संगत में पड़ गए थे। कुछ समय बाद उनका संपर्क बाबा केशव सिंह से हुआ और उन्होंने सभी व्यसन करने भी छोड़ दिए थे। अपनी आजीविका की तलाश में सोहन सिंह अमेरिका भी गए। उस समय स्वतंत्रता आंदोलन चल रहा था। उन्होंने अमेरिका में रह रहे भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और देश की आजादी के लिए उन्होंने संगठन का गठन कर क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम देना शुरु कर दिया। क्रांतिकारी लाला हरदयाल अमेरिका में ही थे। उन्होंने पैसिफिक कोस्ट हिन्दी एसोसिएशन नामक संगठन बनाया, जिसके वह अध्क्ष बने थे। उन्होंने 1857 के स्वाधीनता संग्राम की स्मृति में गदर नाम का पत्र भी प्रकाशित किया था। उनका कहना है कि गदर पार्टी का गठन कर उन्होंने कई क्रांतिकारी गतिविधियों को अंजाम दिया था। जिसके कारण उन्हें गिरफ्तार कर लाहौर जेल भेज दिया गया था। उन पर व उनके साथियों पर प्रथम लाहौर षडय़ंत्र केस भी चला था और उन्हें आजीवन कारावास की सजा भी अंग्रेजों ने सुनाई थी। 16 वर्ष जेल मे बिताने पर भी अंग्रेज़ सरकार का इरादा उन्हें जेल में ही सड़ा कर मारने का था। जिस पर उन्होंने अनशन आरंभ कर दिया था। उनके बिगड़ते स्वास्थ्य को देखते हुए अंग्रेजी सरकार ने उन्हें रिहा कर दिया था। उन्होंने कहा कि रिहाई के बाद वह कम्युनिस्ट पार्टी के प्रचार-प्रसार में लग गए थे। द्वितीय विश्व युद्ध आंरभ होने पर सरकार ने उन्हें फिर गिरफ्तार कर लिया था।

# Netflix to release 40 more games in 2023, Monument Valley coming in 2024




Netflix has announced that it plans to add 40 more games to its gaming portfolio in 2023. The company has also said that it has 70 games in development with its partners. In addition to this, the streaming giant is also working on developing 16 more games at its in-house gaming studio. "Our goal is to develop a broad portfolio of games — in different genres and formats — because we believe everyone can find joy in games if they discover the one (or many!) that is right for them," Netflix wrote in a blog post. To recall, Netflix had launched its game-streaming service back in November 2021. The service debuted with games such as Stranger Things: 1984 (BonusXP), Stranger Things 3: The Game (BonusXP), Shooting Hoops (Frosty Pop), Card Blast (Amuzo and Rogue Games), and Teeter Up (Frosty Pop) to name a few. In nearly a year and half of its launch, the company has added over 55 titles to its service. The list includes games such as Kentucky Route Zero, Twelve Minutes, Tilting-Point's Vikings: Valhalla, and Teenage Mutant Ninja Turtles: Shredder's Revenge to name a few. Now, the company has announced that it plans to expand its gaming portfolio further this year. "This year we're going to continue building our portfolio — and that means new games every month. Members will discover indie darlings, award-winning hits, RPGs, narrative adventures, puzzle games and everything in between, and we're working with the world's leading studios to bring you these games," the company added. Netflix said that it is turning one of its famous shows, Too Hot to Handle, in a game. The streaming giant is partnering with Nanobit to release a new 'Too Hot to Handle game' later this year. Furthermore, the company will be releasing Ubisoft's Mighty Quest: Rogue Palace, which is a rogue-lite game set in the wacky universe some may remember from The Mighty Quest for Epic Loot, on its platform on April 18. Furthermore, the company announced that it will release ustwo's Monument Valley franchise, which includes Monument Valley 1 and Monument Valley 2, on its platform next year. "I'm excited to share that Super Evil Megacorp (Vainglory, Catalyst Black) is working with us on an exclusive game based on an upcoming Netflix release. We can't wait to share more later this year," the company added. As far as March 2023 releases are concerned, while Highwater is already available on Netflix, Terra Nil will arrive on the platform on

# AI platform market for healthcare industry to reach $4.3 bn in 2024



The market for Artificial Intelligence (AI) platforms for the entire healthcare industry is set to grow to $4.3 billion in 2024 from $1.5 billion in 2019, according to a new report. This is owing to the added integration of digital health tools and technologies such as AI and Machine Learning (ML) into the healthcare industry due to the impact of the Covid-19 pandemic, said the report by GlobalData, a data and analytics company. Also Read - ChatGPT-Powered Smart Home Voice Assistant May Hit Market Soon - Watch Video Various healthcare companies are already implementing high-tech solutions into existing healthcare systems. French biotechnology company Genomic Vision, which specialises in the development and commercialisation of diagnostic solutions for genetic diseases and cancers, has recently launched FiberSmart, a new technology that enables the visualisation and analysis of long DNA fibres at high resolution. Also Read - Nokia's Now Letting Anyone Use Its AI Features - Watch Video Genomic Vision claims that FiberSmart has the potential to improve the accuracy and efficiency of genetic disease diagnosis and treatment, leading to better patient outcomes and reduced healthcare costs. "The integration of digital health tools and technologies such as AI and ML to analyse large amounts of data and identify patterns and insights is transforming the healthcare industry and paving the way for more personalised and efficient healthcare," Kamilla Kan, Medical Analyst at GlobalData, said in a statement. Furthermore, AI is being used to improve the accuracy and efficiency of diagnoses, identify new treatments and therapies, and even predict and prevent disease outbreaks. "The growing market for AI platforms in healthcare reflects the increasing demand for innovative solutions that can improve patient outcomes and reduce costs," Kan said.

# Google and Microsoft Are Bringing AI to Word, Excel, Gmail and More. It Could Boost Productivity for Us

Google and Microsoft are on a mission to remove the drudgery from computing, by bringing next-generation AI tools as add-ons to existing services. On March 16, Microsoft announced an AI-powered system called Copilot will soon be introduced to its 365 suite apps including Word, Excel, PowerPoint, Outlook, and Teams. The news came about two days after Google published a blog explaining its plans to embed AI into its Workspace apps such as Docs, Sheets, Slides, Meet and Chat. Accenture to Acquire Bengaluru-based Industrial AI Firm Flutura Collectively, millions of people use these apps each day. Bolstering them with AI could provide a major productivity boost – as long as security isn't an afterthought. The advent of generative AI Until recently AI was mainly used for categorisation and identification tasks, such as recognising a number plate using a traffic camera. Generative AI allows users to create new content, by applying deep-learning algorithms to big data. ChatGPT and DALL-E, among others, have already taken the world by storm. Baidu's Ernie Bot Writes Poems, Declines Questions on Xi Jinping in Tests Now, Microsoft and Google have found a more concrete way to bring generative AI into our offices and classrooms. Like other generative AI tools, Copilot and Workspace AI are built on large language models (LLM) trained on massive amounts of data. Through this training, the systems have "learned" many rules and patterns that can be applied to new content and contexts. Microsoft's Copilot is being trialled with just 20 customers, with details about availability and pricing to be released "in the coming months". Runway's New Gen-2 AI Model Can Generate a 3-Second Video From Text Prompts Copilot will be integrated across apps to help expedite tedious or repetitive tasks. For example, it will: 1. help users write, edit and summarise Word documents 2. turn ideas or summaries into full PowerPoint presentations 3. identify data trends in Excel and quickly create visualisations 4. "synthesise and manage" your Outlook inbox 5. provide real-time summaries of Teams meetings 6. bring together data from across documents, presentations, email, calendar, 7. notes and contacts to help write emails and summarise chats. Assuming it executes these tasks effectively, Copilot will be a massive upgrade from Microsoft's original Office Assistant, Clippy. Google's Workspace AI will offer similar capabilities for paying subscribers. What's under the hood? Microsoft described Copilot as "a sophisticated processing and orchestration engine working behind the scenes to combine the power of LLMs, including GPT-4 […]." We don't know specifically which data GPT-4 itself was trained on, just that it was a lot of data taken from the internet and licensed, according to OpenAI. Google's Workspace AI is built on PaLM (Pathways Language Model), which was trained on a combination of books, Wikipedia articles, news articles, source codes, filtered webpages, and social media conversations. Both systems are integrated into existing cloud infrastructure. This means all the data they are applied to will already be online and stored in company servers. The tools will need full access to the relevant content in order to provide contextualised responses. For instance, Copilot can't distil a 16-page Word document into one page of bullet points without first

# Microsoft's New Feature To Let Users Set Default Apps In Windows 11




San Francisco: Microsoft has announced that it will be making significant changes to the way Windows manages which apps open specific files by default, and how users can pin programmes to their Start menu on the taskbar or on the desktop. The tech giant will introduce a new deep link "uniform resource identifier" (URI), allowing developers to send users to the correct section of the Settings menu when they want to change how Windows 11 responds to specific links and file types. Also Read: Microsoft Announces AI-Powered 'Copilot' For Word, Excel, Outlook, Teams And More; What It Means For Users Microsoft Lays Off Ethical AI Team In ChatGPT I And My Team Had To Be Let Go As Part Of Microsoft's Layoffs: Sacked Indian-origin Worker "We will soon introduce a new Settings deep link URI for applications to take their users directly to the appropriate location in Settings for the user to change their defaults," Microsoft said in a blogpost. Moreover, the company stated that it will give users more control over which apps are pinned to their desktop, start menu, and taskbar by introducing a new public API that will display a prompt asking you to grant programmes permission before they appear on those interfaces elements. Powered By PlayUnmute Fullscreen "We will soon introduce a new publicly available API that will enable apps to pin either primary or secondary tiles to the Taskbar," the company said. The two features will first be available to Windows Insider Dev Channel PCs in the coming months before appearing in the general release of the operating system, according to the company.

# WhatsApp Plans To Roll Out Tweaked Link Preview Interface




San Francisco: Meta-owned messaging platform WhatsApp is rolling out a tweaked link preview interface on iOS beta. For beta testers, a new row will now appear above the chat bar when a link is entered into the platform, and the application will animate the row while loading the link preview, reports WABetaInfo. Also Read: WhatsApp Releases Bug Fix Update For Issue With Notifications On iOS WhatsApp Rolling Out 'Approve New Participants' Feature to Beta Testers WhatsApp New Feature: Users Will Soon Be Able To Set Expiration Date For Groups Earlier, users had no indication whether the platform was loading the preview or not, which undoubtedly caused confusion and wasted time while they waited for it to arrive. Powered By PlayUnmute Fullscreen The tweaked interface when loading a link preview is available for some beta testers that install the latest version of WhatsApp beta for iOS from the TestFlight app, and is expected to roll out to more people over the coming days, the report said. Meanwhile, last week, it was reported that the messaging platform was rolling out a new feature for some beta testers on Android and iOS which allows users to see a list of groups they have in common with the contact they are searching for.

# iPhone 15 Series With USB Type-C to Offer Fast Charging With Apple-Certified Cables




Phone 15 series launch is months away, but leaks and speculations about Apple's next flagship series are in plenty. The Cupertino giant is expected to ditch the traditional Lightning port and bring a USB Type-C port to the rumoured iPhone 15, iPhone 15 Plus, iPhone 15 Pro, and iPhone 15 Pro Max this year to comply with a European Union law. A reputed market analyst has now suggested that Apple could restrict the compatibility of USB Type-C ports on iPhone 15 models to MFi (Made For iPhone) certified cables. Apple is said to optimise the performance of fast charging with a USB Type-C port with the preferred cables. TF International Securities analyst Ming-Chi Kuo in a report on Medium Tuesday suggested that the USB Type-C port on the upcoming iPhone 15 models will offer fast charging, but with some company-certified cables. Kuo says Apple will optimise the fast-charging performance of the MFi-certified charger for the iPhone 15. Current iPhone 14 models support up to 20W fast charging and Apple is reportedly optimistic about a surge in demand for 20W USB Type-C chargers in the second and third quarters of this year. "Among Apple's chargers, the 20W USB-C charger is the most economical choice for iPhone users, so the 20W Replacement demand for USB-C chargers is strong" he added. According to Kuo, the shipment would be increased by 120 percent and it is expected to be around 70 million units in the fourth quarter. iPhone 15 Pro CAD Renders Suggest Radical Mute Button Redesign: See Here The assembly suppliers of Apple 20W USB Type-C chargers are Lingyizhizao and Flextronics. Kuo notes that strong replacement demand for a 20W USB-C charger will benefit Lingyizhizao. Apple is not bundling a charging adapter with the iPhone in the box. So, users might have to purchase an Apple-certified USB Type-C cable or adapter to take advantage of the upcoming fast-charging feature on the iPhone 15 units. Currently, the company is offering a 20W USB Type-C adapter and a 30W adapter. iPhone 15 Pro Max Might Set New Record for Minimal Display Bezels As the new EU regulations coming into effect next year, Apple had earlier confirmed that it will soon switch the iPhone to a USB Type-C charger. The upcoming iPhone 15 lineup could be the first to ship with USB Type-C ports. Most Android smartphones currently offer USB Type-C standards. Apple's entire MacBook lineup and a few iPad models currently work with USB Type-C technology.

# बाल विवाह उन्मूलन की राह



आशा जैन
वरिष्ठ पत्रकार

*पर इस दिशा में सात साल बाद भी कोई प्रगति नहीं दिख रही है। हालांकि यह चुनौती-भरा कार्य जरूर है लेकिन कम से कम लोगों को जागरूक तो किया ही जा सकता है। यह सही है कि देश की आबादी भी तेजी से बढ़ रही है। ऐसे में बेहतर पोषण सुनिश्चित और व्यवस्थित करना एक बड़ा काम है। कैंसर पर किए गए एक अध्ययन पर गौर करें तो विकासशील देशों में तंबाकू और अन्य तंबाकू उत्पादों के सेवन में सात फीसद की कमी देखी गई है। खासकर बीड़ी में 9.1 फीसद और सिगरेट में 7 फीसद की कमी आई है। कैंसर विशेषज्ञों का मानना है कि बीड़ी-सिगरेट पर टैक्स में और ज्यादा वृद्धि की जानी चाहिए। नए शोध में यह भी पाया गया है कि तंबाकू चबाने से मुंह, गला, अमाशय, आंखों की रोशनी चले जाने, हाथ-पैरों में विकृति, नपुसंकता, यकृत और फेफड़े के कैंसर का खतरा बढ़ जाता है। शोध में यह भी पाया गया है कि सिगरेट और बीड़ी में बहुत तरह के रसायन होते हैं, जिनमें से सात रसायन ऐसे हैं जो सीधे कैंसर रोग को बढ़ावा देते हैं।*

पिछले दिनों बिहार के साढ़े चार करोड़ लोगों ने मानव श्रृंखला बना कर दहेज और बाल विवाह के विरुद्ध प्रतिबद्धता जाहिर की। जिस तरह राज्य की राजधानी पटना से लेकर गांव-कस्बों में कतारों में खड़े करोड़ों लोगों ने इस सामाजिक बुराई को खत्म करने का संकल्प व्यक्त किया वह यह रेखांकित करने के लिए पर्याप्त है कि जनजागरण के जरिए सामाजिक बुराइयों को मिटाया जा सकता है। एक साल पहले बिहार के ही तीन करोड़ लोगों ने नशे के खिलाफ सामूहिक संघर्ष के लिए मानव श्रृंखला तैयार की थी और आज उसका नतीजा यह है कि बिहार में शराबबंदी है और उसके सकारात्मक परिणाम सामने आने लगे हैं। अगर देश के अन्य राज्य भी बिहार राज्य की तर्ज पर सामाजिक बुराइयों से निपटने के लिए जनजागरण करें तो निसंदेह उसके प्रभावकारी परिणाम सामने आएंगे। यह कटु सत्य है कि बाल विवाह के कारण महिलाओं के स्वास्थ्य पर खतरनाक असर पड़ता है। समय से पहले प्रसव से मातृ मृत्यु की आशंका बढ़ जाती है।

मेटर्नल मॉर्टेलिटी रेशियो (एमएमआर) और इंटरनेशनल प्रेग्नेंसी एडवाइजरी सर्विसेज की रिपोर्ट की मानें तो भारत में असुरक्षित गर्भपात से हर दो घंटे में एक स्त्री की जान जाती है। हाल ही में राष्ट्रीय नमूना सर्वेक्षण संगठन (एनएसएसओ) की एक रिपोर्ट से उजागर हुआ कि शहरों में बीस वर्ष से कम उम्र की लड़कियों में हर सातवें गर्भधारण का अंत गर्भपात के रूप में होता है। बीस साल से कम उम्र की शहरी युवतियों में गर्भपात का रुझान राष्ट्रीय औसत के मुकाबले काफी अधिक है। बीस साल से कम उम्र की शहरी युवतियों में गर्भपात चौदह प्रतिशत तक है जबकि गांवों में बीस साल से कम आयुवर्ग में गर्भपात का प्रतिशत मात्र 0.7 है। शहरों में तो कम, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी असुरक्षित गर्भपात कराए जा रहे हैं जिसकी कीमत युवतियों को जान देकर चुकानी पड़ रही है। बाल विवाह के कारण शिशु मृत्यु दर और अस्वस्थता दर में भी वृद्धि हो रही है। बाल विवाह की वजह से शिशु को जन्म देते वक्त दुनिया भर में होने वाली कुल मौतों में सत्रह प्रतिशत मौतें अकेले भारत में होती हैं। कम उम्र में विवाह से प्रसव के दौरान इन महिलाओं में तीस प्रतिशत रक्तस्राव, उन्नीस प्रतिशत रक्ताल्पता, सोलह प्रतिशत संक्रमण, और दस प्रतिशत अन्य जटिल रोगों की आशंका बढ़ जाती है। यही नहीं, वे गंभीर बीमारियों की चपेट में भी आ जाती हैं। 'सेव द चिल्ड्रेन' संस्था की मानें तो भारत मां बनने के लिहाज से दुनिया के सबसे खराब देशों में शुमार है। देश के जिन हिस्सों में भुखमरी, गरीबी, अशिक्षा, भ्रष्टाचार और जागरूकता की कमी है वहां बाल विवाह ज्यादा होते हैं और मातृ मृत्यु दर भी अधिक देखने को मिलती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के मुताबिक भारत में हर वर्ष गर्भधारण संबंधी जटिलताओं के कारण और प्रसव के दौरान पांच लाख से अधिक महिलाएं दम तोड़ देती हैं, जिसकी मूल वजह बाल विवाह है। विडंबना यह है कि कड़े कानूनी प्रावधानों और जागरूकता कार्यक्रम के बावजूद पिछले दो दशक से बाल विवाह में कमी आने की दर हर वर्ष एक प्रतिशत है जो कि बहुत ही कम है। इस तरह तो बाल विवाह खत्म होने में पचास वर्ष से अधिक का समय लगेगा। उचित होगा कि सरकार बाल विवाह निरोधक कानूनी प्रावधानों का सख्ती से पालन कराए और बाल विवाह से पड़ने वाले दुष्प्रभावों से लोगों को अवगत कराए। शिक्षा के माध्यम से बाल विवाह पर काफी हद तक नियंत्रण लग सकता है। बच्चों में यह साहस पैदा करना चाहिए कि अगर उनका बाल विवाह हो तो इसके विरुद्ध अपनी आवाज मुखर कर सकें। मीडिया को भी इस जघन्य रिवाज के विरुद्ध जागरूकता पैदा करने के लिए आगे आना चाहिए। यूनिसेफ ने बाल विवाह की प्रथा को बड़े पैमाने पर रोकने की प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए गैर-सरकारी और सरकारी संगठनों के साथ भागीदारी की है। कॉरपैड (सेंटर फॉर एक्शन रिसर्च ऐंड पीपल्स डेवलपमेंट) और चाइल्ड लाइन जैसे संगठनों ने बाल विवाह से पीड़ित बच्चों के लिए सामाजिक घरों तथा उनके वयस्क होने तक पर्याप्त धन और शिक्षा प्रदान करने का प्रस्ताव दिया है। सर्वोच्च अदालत ने भी बाल विवाह के खिलाफ कड़ा रुख अख्तियार किया है। पिछले साल ही उसने अपने एक ऐतिहासिक फैसले में नाबालिग पत्नी से शारीरिक संबंध बनाने को दुष्कर्म की परिधि में लाकर बाल विवाह पर नकेल कसने की कोशिश की है। उसने दो टूक कहा कि अठारह वर्ष से कम उम्र की लड़की से शारीरिक संबंध दुष्कर्म है और इससे फर्क नहीं पड़ता है कि लड़की शादीशुदा है अथवा नहीं। अदालत ने आइपीसी की धारा 375 का अपवाद (2) निरस्त किए जाने योग्य मानते हुए इसे संविधान के अनुच्छेद 14, 15 और 21 का उल्लंघन करार दिया। यह भी कहा कि यह मनमाना, भेदभाव करने वाला, अतार्किक और बच्चियों के अधिकारों का हनन करने वाला है। निसंदेह सर्वोच्च अदालत का यह फैसला कई दूरगामी परिणामों को समेटे हुए है। लेकिन बात तब बनेगी जब उसके आदेश का पालन होगा। पिछले दिनों राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग और गैरसरकारी संगठन यंग लाइव्स ने अपनी एक रिपोर्ट में कहा कि गांव के साथ महानगर भी बाल विवाह जैसी सामाजिक बुराई की चपेट में हैं। रिपोर्ट के मुताबिक 2001 से लेकर 2011 की अवधि में देश में एक करोड़ बीस लाख से अधिक बच्चे बाल विवाह के शिकार हुए हैं। रिपोर्ट के आंकड़े बताते हैं कि राजस्थान, अविभाजित आंध्र प्रदेश, मध्यप्रदेश, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, झारखंड, कर्नाटक और दादरा नगर हवेली में सबसे ज्यादा बाल विवाह के मामले सामने आए हैं। यह स्थिति तब है जब देश में बाल विवाह निरोधक कानून मौजूद है और सरकार तथा स्वयंसेवी संगठनों द्वारा बाल विवाह के विरुद्ध जागरुकता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के मुताबिक भारत बाल विवाह के मामले में दूसरे स्थान पर है। भारत में दुनिया के चालीस प्रतिशत बाल विवाह होते हैं। उनचास प्रतिशत लड़कियों का विवाह अठारह वर्ष से कम आयु में हो जाता है। यूनिसेफ के अनुसार, राजस्थान में बयासी प्रतिशत विवाह अठारह साल से पहले ही हो जाते हैं। इतिहास में जाएं तो वर्ष 1929 में बाल विवाह रोकने का अधिनियम पारित किया गया। लेकिन यह अधिनियम बाल विवाह रोकने में कारगर साबित नहीं हुआ। हिंदू विवाह अधिनियम 1955 में भी लड़के व लड़की के विवाह की आयु क्रमश अठारह वर्ष और पंद्रह वर्ष ही रखी गई। मई, 1976 में इस अधिनियम में संशोधन कर विवाह की आयु इक्कीस वर्ष और अठारह वर्ष कर दी गई। एक दूसरा कानून जो अस्तित्व में है वह बाल विवाह निषेध अधिनियम, 2006 है। इस अधिनियम में बाल विवाह निरोधक अधिनियम में व्याप्त खामियों को दूर कर सुनिश्चित किया गया है कि अठारह साल से कम उम्र की लड़की और इक्कीस साल से कम उम्र के लड़के का विवाह बाल विवाह कहलाएगा। लेकिन इस कानून के बाद भी देश के अनेक हिस्सों में बाल विवाह होते रहे हैं। लेकिन अब जब सर्वोच्च अदालत ने नाबालिग लड़की से शारीरिक संबंध को दुष्कर्म की श्रेणी में ला दिया है, तो बाल विवाह पर रोक लगने की उम्मीद काफी बढ़ गई है।



## सम्पादकीय

### संवाद के जरिए चीन विवाद का हल, अजीत डोभाल के साथ हुई सार्थक बैठक



पिछले कुछ समय से भारत और चीन के बीच सीमा पर शांति बनाए रखने के मकसद से वार्ताओं का क्रम जारी है और इससे उम्मीदें भी जगी हैं। मगर विचित्र है कि दोनों देशों के बीच हर औपचारिक बैठक के बाद इसके लिए व्यावहारिक स्तर पर कदम उठाए जाने की घोषणा होती है और अगली बार की बैठक के बाद आए नतीजों से ऐसा लगता है कि फिर से उन्हीं पुराने मसलों को सुलझाने की कोशिश की जा रही है। इसमें कोई दोराय नहीं कि भारत और चीन के बीच सीमा पर उठे मसलों का समाधान एक जटिल समस्या है और उसके हल के लिए किसी तरह की जल्दबाजी शायद ठोस नतीजे न दे।

सवाल है कि अगर विवाद को सुलझाने को लेकर किसी मुद्दे पर सहमति बनती है, तो उस पर अमल को लेकर समान स्तर की निरंतरता क्यों नहीं दिखती। यह बेवजह नहीं है कि हर वार्ता अपने शुरूआती बिंदु पर ही ठहरी हुई दिखती है। पहले की वार्ताओं में विवाद को सुलझाने के लिए जो कदम उठाने पर सहमति बनी होती है, उसका कोई ठोस नतीजा नहीं दिखता। हालांकि यह अपने आप में महत्त्वपूर्ण है कि समस्या के समाधान को लेकर दोनों देशों के बीच सकारात्मक संवाद जारी है।

गौरतलब है कि राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल और चीन के विदेश मंत्री वांग यी के बीच बुधवार को बेजिंग में बैठक हुई। खबरों के मुताबिक, दोनों पक्षों ने वार्ता के दौरान 'सार्थक चर्चा' की और छह सूत्री आम सहमति पर पहुंचे, जिसमें सीमा पर शांति बनाए रखने, तल्खी खत्म करने और संबंधों के स्वस्थ और स्थिर विकास को बढ़ावा देने के लिए आगे भी कदम उठाना शामिल है।

अब तक की बातचीत से समाधान के जो रास्ते तैयार हो सके हैं, निश्चित रूप से उस पर आगे बढ़ने की जरूरत है और यह तभी संभव है जब सहमति के बिंदुओं को जमीनी स्तर पर उतारने की कोशिश हो। इस क्रम में दोनों पक्षों की ओर से इस जरूरत पर जोर दिया जाना भविष्य के लिए उम्मीद जगाता है कि सीमा मुद्दे को द्विपक्षीय संबंधों की समग्र स्थिति के परिप्रेक्ष्य में उचित तरीके से संभाला जाना चाहिए, ताकि आपसी संबंधों के विकास पर इसका असर न पड़े। यह एक अहम पहलू है, जिस पर एक परिपक्व समझ और सहमति बनाया जाना जरूरी है, क्योंकि सीमा पर विवाद के संदर्भों के समांतर भारत और चीन के बीच अनेक स्तर पर परस्पर हितों पर आधारित संबंध हैं और उन्हें संभालना भी आवश्यक है।

विडंबना यह है कि कई बार दोनों देशों के बीच हुई वार्ता के बाद कुछ समय तक सब कुछ ठीक होने की दिशा में बढ़ता दिखाई देता है, मगर बीच में चीन की ओर से नाहक अतिक्रमण या अवांछित गतिविधियों की खबर आ जाती है। इससे एक गैरजरूरी बाधा खड़ी होती है और संवाद की स्थितियों पर भी असर पड़ता है। मगर ताजा बैठक में दोनों पक्षों ने जिस तरह विशेष प्रतिनिधियों के तंत्र को और मजबूत करने, कूटनीतिक और सैन्य वार्ता समन्वय और सहयोग को बढ़ाने पर जोर दिया है, वह एक सकारात्मक पहल है।

पिछले कुछ समय से भारत और चीन के बीच सीमा पर शांति कायम करने और समस्याओं का दीर्घकालिक हल निकालने को लेकर हुई वार्ताओं के बाद स्थिति में सुधार को लेकर एक स्पष्ट तस्वीर बननी शुरू हुई है। खासतौर पर 21 अक्तूबर को हुए समझौते के तहत पूर्वी लद्दाख से सैनिकों की वापसी और गश्त को लेकर सहमति बनी थी। अब जरूरत उससे आगे का रास्ते तैयार करना है, ताकि द्विपक्षीय संबंधों में खटास को पूरी तरह दूर किया जा सके।

## आलू की फैक्ट्री



उन्होंने यदि कह भी दिया कि वे किसानों के लिए आलू की फैक्ट्री लगाएंगे तो इसमें हंगामा करने की क्या बात है! उन्होंने एक बस एक बात कही और आप हैं कि उसका बतंगड़ बनाने पर तुले हैं। जब विश्व में कृत्रिम दिल बनाने के प्रयास हो रहे हों तब आलू किस खेत की मूली है! वह भी फैक्ट्री में बनाया जा सकता है। चाहे उनकी जुबान ही क्यों न फिसल गई हो लेकिन उनके कथन को सकारात्मक रूप से लिया जाना चाहिए। हां, यह बात अवश्य है कि 'पटाटो' जैसी इतनी पापुलर चीज के बारे में इतने पापुलर व्यक्ति का अज्ञान संदेह अवश्य पैदा करता है। भारतीय भोजन में आलू की लोकप्रियता निर्विवाद है। एक तरह से इसे राष्ट्रीय कंद के खिताब से नवाजा जा सकता है। कथा सम्राट प्रेमचंद की कहानियों से लेकर लीडरकिंग लालू प्रसाद के गुण-गौरव तक में आलू की उपस्थिति चर्चित रही है। हमारे भोजन में आलू ठीक उसी प्रकार उपस्थित रहता है, जैसे शरीर के साथ आत्मा, आतंकवाद के साथ खात्मा, नेता के साथ भाषण, यूनियन के साथ ज्ञापन, मास्टर के साथ ट्यूशन, वोटर के साथ कन्फ्यूजन, टेलर के साथ टेप, भूगोल के साथ मैप, पुलिस के साथ डंडा और इलाहाबाद के साथ पंडा। अर्थात भोजन है तो आलू है। आलू है तो समझो भोजन की तैयारी है!

आलू हमारी तरह धर्म निरपेक्ष है। हर सब्जी का धर्म उसका अपना धर्म है। हर सब्जी के रंग में डूब कर वह उसके साथ एकाकार हो जाता है। बैंगन, पालक, गोभी, टमाटर, बटला, दही, खिचड़ी, पुलाव आलू सभी में अपने को जोड़े रखता है। आपसी मेल-मिलाप हमारी परंपरा रही है, यही संस्कार हमारे आलू में भी देखे जा सकते हैं।विनम्रता और दूसरों की अपेक्षाओं के अनुसार खुद को ढाल लेना हमारे चरित्र की विशेषताएं होती हैं। उबलने के बाद आलू भी हमारी तरह नरम और लोचदार होकर अपने आपको समर्पित कर देता है। चाहो तो आटे में गूंथ कर पराठा सेंक लो या मैदे में लपेट कर समोसा तल लो अथवा किसनी पर कस कर चिप्स का आनंद उठा लो! आलू की नियति से हमारी नियति बहुत मिलती है। राजनीतिक नेता और पार्टियां जिस तरह हमारी भावनाओं को उबाल कर उनके पराठें सेंकते हैं, समोसा तलते हैं या चिप्स बनाकर वोटों के रूप में उदरस्थ करते हैं, उसी तरह आलू हमारे पेट में जाता है। परम मित्र साधुरामजी ने बताया कि जहां हम आलू के दीवाने हैं, वहीं रूसियों को मूली, गाजर और गोभी बहुत पसंद है। इसी तरह अमेरिकियों को शकरकंद खाने का बहुत शौक होता है। पिछले दिनों जब हमने साधुरामजी के यहां भोजन ग्रहण किया तो उन्होंने एक नई सब्जी परोसी जिसका नाम था- 'इंडो-रशिया फ्रेंडशिप वेजिटेबल' (भारत-रूस मित्रता सब्जी)। जब मैंने वह खाई तो मुझे आलू, मूली और गोभी का मिला-जुला जायका आया। मित्रता की खुशबू दिलों से होकर सब्जियों तक महसूस कर मुझे अपने आलुओं पर गर्व हुआ। अब तो शकरकंद में आलू मिलाकर बनाई गई सब्जी भी हम बड़े चाव से खा रहे हैं, परोस रहे हैं। विश्व में यह एक मिसाल भी है जब हमारा देश, दुनिया में हमारी आलू-प्रवत्ति का कायल हुआ है। उन्होंने हमारे सर्वप्रिय आलू के और अधिक विकास पर ध्यान दिया और आकांक्षा व्यक्त की है कि अब आलू की फैक्ट्री भी शुरू की जानी चाहिए। नया विचार रखा है, जेम्स वाट ने केतली से निकली भाप को देख कर जो विचार दिया था उससे आगे चल कर रेल गाड़ियां दौड़ने लगीं। 'नवोन्मेष विचार' ही भविष्य के किसी अन्वेषण का आधार बनता है। बुद्धिमान और हुनरमंद लोग घरों में डिटर्जेंट के पैकेटों और वनस्पति तेल के पीपों से भैंस का दूध दुह रहे हैं

## पानी पर पहरा

**पिछले काफी समय से हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक इलाकों में किसान समय पूर्व धान की फसल लगाते आ रहे हैं। मई के महीने से ही धान की रोपाई शुरू कर देते हैं। इस तरह वे एक ही खेत में दो बार धान की फसल लगा लेते हैं। उनका मानना है कि इस तरह उन्हें धान से अधिक कमाई हो जाती है। धान दरअसल, बरसात के मौसम में बोई जाने वाली फसल है। इसकी सिंचाई में काफी पानी की जरूरत होती है। धान के खेत में हमेशा पानी बने रहना चाहिए। इस तरह जब गरमी के मौसम में धान की पैदावार ली जाती है, तो उसकी सिंचाई के लिए भूजल का जरूरत से ज्यादा दोहन करना पड़ता है।**



भूजल के गिरते स्तर और बढ़ते जल संकट से पार पाने के मकसद से हरियाणा सरकार ने एक सराहनीय कदम उठाया है। सरकार ने धान की खेती छोड़ कर मक्का और अरहर बोने वाले किसानों के लिए दो हजार रुपए प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने, पंद्रह सौ से अठारह सौ रुपए कीमत का मक्का और अरहर का बीज मुफ्त देने, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत प्रीमियम की पूरी राशि सरकार की तरफ से देने और मक्का तथा अरहर की खरीद में मदद की योजना तैयार की है। इसके लिए किसानों को सरकार की वेबसाइट पर पंजीकरण करा कर बताना होगा कि वे पहले कितने एकड़ जमीन पर धान की खेती करते थे और अब कितने एकड़ भूमि पर अरहर और मक्का की खेती करने जा रहे हैं। पंजीकरण के साथ ही दो सौ रुपए प्रति एकड़ के हिसाब से रकम उनके खाते में डाल दी जाएगी। बाकी रकम भूमि सर्वेक्षण के बाद दी जाएगी। माना जा रहा है कि इससे काफी किसान धान की खेती छोड़ देंगे। इस तरह सिंचाई के लिए हो रहे अनावश्यक भूजल दोहन पर काबू पाया जा सकेगा।

पिछले काफी समय से हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अनेक इलाकों में किसान समय पूर्व धान की फसल लगाते आ रहे हैं। मई के महीने से ही धान की रोपाई शुरू कर देते हैं। इस तरह वे एक ही खेत में दो बार धान की फसल लगा लेते हैं। उनका मानना है कि इस तरह उन्हें धान से अधिक कमाई हो जाती है। धान दरअसल, बरसात के मौसम में बोई जाने वाली फसल है। इसकी सिंचाई में काफी पानी की जरूरत होती है। धान के खेत में हमेशा पानी बने रहना चाहिए। इस तरह जब गरमी के मौसम में धान की पैदावार ली जाती है, तो उसकी सिंचाई के लिए भूजल का जरूरत से ज्यादा दोहन करना पड़ता है। किसानों की समय पूर्व धान की फसल उगाने की प्रवृत्ति पर रोक लगाने के लिए हरियाणा और पंजाब की सरकारें लगातार अपील करती रही हैं। कई बार उन्होंने कुछ कड़े कदम भी उठाए। पंजाब सरकार ने एक बार ऐसा करने वाले किसानों के खिलाफ भारी जुर्माने तक का प्रावधान कर दिया था। मगर समय पूर्व धान की फसल उगाने की प्रवृत्ति पर रोक नहीं लग पाई। ऐसे में हरियाणा सरकार की पहल को व्यावहारिक कहा जा सकता है, क्योंकि इससे किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई होगी।

हरियाणा, पंजाब, पश्चिमी उत्तर प्रदेश के इलाकों में धान की अच्छी किस्में पैदा होती हैं। वह चावल ऊंची कीमत पर बिकता है, इसलिए किसान इसकी फसल उगाना फायदेमंद मानते हैं। वे एक मौसम में धान की दो फसल लेना चाहते हैं। मगर हकीकत यह भी है कि कोई भी फसल जब अपने तय मौसम के बजाय पहले या बाद में उगाई जाती है, तो वह उचित पैदावार नहीं दे पाती। उसमें रोगों के आक्रमण की आशंका भी अधिक रहती है। सिंचाई, खाद, कीटनाशक आदि का खर्च बढ़ जाता है। उस फसल पर उत्पादन लागत सही समय में उगाई जाने वाली फसल की अपेक्षा काफी बढ़ जाती है। फिर जिस तरह मानसून की अवधि और बरसात की मात्रा लगातार घट रही है, उसमें धान की सिंचाई के लिए किसानों को लगातार भूजल पर निर्भर रहना पड़ता है, जो जल संकट का बड़ा कारण है। ऐसे में हरियाणा सरकार की पहल से इस दिशा में अच्छे परिणाम आ सकते हैं।

# Ambedkar row : Opposition MPs hold protest against Amit Shah at Vijay Chowk

New Delhi, Dec 20 Opposition INDIA bloc parties on Friday held a protest march from Vijay Chowk to the Parliament House demanding resignation of Home Minister Amit Shah for his alleged disparaging comments about Dalit icon B R Ambedkar. Participating in the march, Congress MP Priyanka Gandhi Vadra said, "This government is scared to have a discussion on the Adani issue. It is scared of having any discussion. They know that their true sentiments for Ambedkar ji have come out. So, they are now scared of the Opposition because we are raising this issue. National interest is related to this matter. Our Constitution has been given by Ambedkar ji, people of this country and our freedom struggle. Such insult to him will not be tolerated by India."“They are so desperate that they are lodging false FIRs. Rahul ji can never push anyone. I am his sister, I know him.

He can never do such a thing. The country knows this too. The country is watching how desperate they are that they are lodging baseless FIRs...These are all distractions", she added.Samajwadi Party chief Akhilesh Yadav said Amit Shah must apologise for what he said about Ambedkar.“Babasaheb Ambedkar has been insulted in the Rajya Sabha by Shah. He must admit his guilt and apologise. We must go forward and only the Constitution drafted by Ambedkar can guide us in our forward march", Yadav said. Imran Pratapgarhi, Congress's Rajya Sabha MP, said, instead of atoning for the insult heaped upon Ambedkar, the BJP was trying to implicate Rahul in false cases.“Rahul is not someone who will get intimidated by the BJP's lowly tactics", Pratapgarhi said. Opposition parties, including the Congress, SP, DMK, JMM, CPI, CPI(M) and others, took part in the protest demonstration at Vijay Chowk this morning.Opposition leaders also boycotted the customary tea meeting with the Speaker of the Lok Sabha.



## 7 dead, 35 hurt in Jaipur fire after trucks collide outside petrol pump

Jaipur, Dec 20 A deadly collision involving a gas tanker and multiple vehicles turned a stretch of the Jaipur-Ajmer highway here into an inferno on Friday morning, killing seven people, injuring more than 35 and engulfing over 30 vehicles in flames as thick black smoke filled the sky.

Eyewitnesses reported spotting the flames from nearly a kilometre away as ambulances and fire brigade vehicles rushed towards the crash zone. A school van driver on his way to pick up students recounted with horror the sight of a man engulfed in flames.

Rajasthan health department officials told PTI that seven people died in the crash while more than 35 were injured.

Police said there are chances that some people could not get out of their vehicles and got burnt inside. The situation will become clear once all the vehicles are thoroughly checked, they said.

Rajasthan Chief Minister Bhajanlal Sharma and Health Minister Gajendra Singh Khimsar rushed to the SMS Hospital, where the injured were admitted. Sharma spoke to administration officials and doctors and issued directions to ensure proper treatment was facilitated. He also visited the accident site and spoke to police officials.

In a post in Hindi on X, the chief minister said, "Deeply saddened to hear the news of casualties in the gas tanker fire incident on the Jaipur-Ajmer National Highway. As soon as the information about the incident came, I went to the SMS Hospital and directed the doctors there to provide immediate necessary medical facilities and take proper care of the injured." Jaipur Police Commissioner Biju George Joseph and other officials of the department were at the spot on the highway.

Khimsar told reporters that nearly half of the injured brought to the hospital were in very critical condition.“All doctors, resident doctors and nursing staff were called in to manage the situation. Another ward has been opened so that patients can be accommodated. Some people got primary treatment in nearby hospitals," he said.

The health minister said a 'green corridor' has been set up from the accident site to the SMS hospital.An official said a sleeper bus headed for Jaipur from Rajsamand was behind the gas tanker when the accident occurred. Efforts were underway to find the details about the passengers on board.

The burnt vehicles are being removed from the highway so that traffic movement can be resumed.CM Sharma, Governor Haribhau Bagade, and former chief minister Ashok Gehlot expressed their condolences for the loss of lives in the crash.

The station house officer of Bhankrota Manish Gupta said it was difficult to bring the fire under control initially.“Fire brigade teams initially were unable to reach the vehicles that were burning. There are three petrol pumps in the area but fortunately, they are safe," he added.

More than 25 ambulances were used to shift the victims to the hospital.A nearly 300-metre busy stretch of the highway was affected by the accident, leading to a long queue of vehicles.

Police officials said the fire engulfed some establishments along the highway but details of the actual losses are not yet clear.The school van driver told that the flames were visible from a kilometre away and there was panic and chaos on the highway.

"As I got closer to the spot, I saw people running in haste and shouting for help. I saw a man engulfed in flames. It was a frightening scene. Fire brigades and ambulances were there but it was difficult for them to reach the spot initially," he said.

A team from the district administration is present at the hospital to help the family members of the victims.The Jaipur Police has issued the helpline numbers 9166347551, 8764688431 and 7300363636 for people to get in touch for inquiries or relevant information.

## Economic Persecution, Xenophobia against Indo-American Businessmen in Canada: Dr. Krishnan Suthanthiran Exposes Trudeau's Anti-Indian Policies

▶ Religious Intolerance, economic bias and rising xenophobia against the Indian Diaspora in Canada



New Delhi: In a press conference on Saturday at the Press Club of India in New Delhi, Dr Krishnan Suthanthiran, Founder and President, TeamBest Global Companies called out the systemic challenges faced by Hindu businessmen in Canada. He accused the Justin Trudeau's administration of systemic discrimination and called for a global response to ensure equal and fair treatment of Indian origin people.

"There is a rising trend of Xenophobia against the Indian Hindu Diaspora in Canada where Justice and dignity have not been privileges—they are fundamental rights," said Dr. Suthanthiran. "We must unite to confront systemic injustices wherever they arise."

Dr. Suthanthiran started by describing his Indian roots and how Indian Diaspora was contributing to a more better world. He claimed he believed in accessible education and health care, that would enable his "Proud Indian Party" to make free education and quality health care to be afforded to every Indian citizen.He drew attention to his long-standing work in oncology and preventive medicine, calling for early detection and treatment of diseases such as cancer, diabetes, and cardiac conditions. He is concerned about bureaucratic red tape and corruption in India but is optimistic about the country's ability to become a global leader in healthcare and manufacturing.

Systemic discrimination faced by Hindu businessmen in Canada dominated the conference. Dr. Suthanthiran requested Prime Minister Trudeau's government to address systemic biases and build in inclusivity. He also requested international organizations to come together to ensure that every community has equality.

"The attempt of 'economic persecution' of Indian-Origin Entrepreneurs and businessmen in Trudeau's Canada is now a matter of international concern. The world needs to act decisively against any kind of prejudice," Dr. Suthanthiran stated while urging resilience and collective efforts for upholding human rights around the world.His initiatives related to philanthropy range from the Best Food Foundation, Triple E (Education, Empowerment, and Equality) among others. These try to uplift the underdeveloped communities in the globe as a whole. Reemphasized his dedication to bringing on innovative medical devices coupled with affordability of healthcare technologies meant at making quality care accessible for all.

"The 21st century belongs to India," Dr. Suthanthiran declared. "Collectively we shall create a world for peaceful, progressive, and sharing prosperity."

About Dr. Krishnan Suthanthiran

Dr. Krishnan Suthanthiran, founder of TeamBest Global (TBG) Companies, has spent over five decades advancing oncology and global healthcare. Inspired by the loss of his father to cancer, he pursued a mechanical engineering degree in India, moved to Canada for further studies, and began his oncology career in the U.S.

He has founded several companies, invested in healthcare innovations, and launched initiatives, such as the Best Cure Foundation and Triple E, which focus on preventive care, clean water, and education, all of which are globally acknowledged for his commitment to equity, justice, and accessible healthcare to all.

## Canada presented 'no evidence' in support of serious allegations: Govt

New Delhi, Dec 20 Canada has presented "no evidence whatsoever" in support of the "serious allegations" it has chosen to level, the Centre informed the Lok Sabha on Friday when asked whether the Union government has taken note of the recent developments in criminal cases allegedly involving the Indian citizens in that country.

Minister of State for External Affairs Kirti Vardhan Singh in a written response also said "in addition, its public narrative on this issue appears to be in service of an anti-India separatist agenda"."Persisting with such a narrative can only be harmful for any stable bilateral relationship. Government has, therefore, repeatedly urged the Canadian authorities to take action against anti-India elements operating from their soil," he said.Congress MP Manish Tewari in his query asked whether the Union government has taken note of the recent developments in criminal cases allegedly involving the "Indian citizens/officials in the United States and Canada", and if so, the impact these cases are likely to have on India's bilateral relations with these countries.He also asked whether the government has "engaged diplomatically" with the governments of the US and Canada to "address concerns" regarding these cases.

"Government is aware of the allegations about the involvement of the Indian nationals in purported acts or intent in the US and Canada. As part of ongoing security cooperation with the United States, certain inputs shared by the US side pertaining to the nexus between organised criminals, gun runners, terrorists and others that impinge on India's national security interests as well are being examined by a High-Level Enquiry Committee that has been constituted for this purpose," the minister said.

## President Murmu presents colours to defence Management College

Hyderabad, Dec.20 In a landmark moment in the history of the College of Defence Management (CDM), Secunderabad, the President's Colours were awarded by Droupadi Murmu, to the institution on FridayThe momentous recognition marks a historic milestone for CDM, a premier defence institute dedicated to shaping senior leadership of the Indian Armed Forces. The presentation of President's Colours, the highest award to any defence institution, acknowledges the college's outstanding contributions to professional military education. The President also released the 'Special Day Cover' and a commemorative medallion to celebrate the occasion along with a revised edition of compilation Ancient Indian Strategic Thought titled 'Pearls of Ancient Indian Wisdom.The President expressed her happiness on women officers undergoing the learning at CDM. She also urged the defence forces to contribute towards the Self Reliance and Atmanirbharta initiative. She expressed the need for the forces to be updated on emerging disruptive warfare in multiple domains and emphasised that the role of CDM is crucial to keep the forces future ready. The President lauded CDM in developing strategic linkages with civilian academic institutions and international defence organisations, fostering a global perspective on security challenges. She also expressed that the senior strategic leadership will have important role in positioning India as a major player in international arena.The President interacted with the Participants Officers from friendly countries, attending the course at the CDM and wished them a fruitful and successful future. The President also inaugurated the monumental national flag at CDM, marking a significant moment in the institution's history. The flag, symbolizing India's strength, unity, and sovereignty, stands as a powerful reminder of the CDM's commitment to excellence in defence education. The award of the President's Colours not only acknowledges the institution's rich history, but also celebrates the dedication of its faculty, staff, and alumni who continue to uphold CDM's mission of developing the military leaders capable of navigating the complexities of contemporary global security.



स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अभय सिंह सैनी द्वारा आर डी प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स (प्राइवेट) लिमिटेड A -24 सेक्टर 8 नोएडा से मुद्रित एवं नियर शिव मंदिर ग्राम बैंसी (204) नूंह हरियाणा से प्रकाशित संपादक: अभय सिंह सैनी आर एन आई नंबर : HARBIL/2022/87426 (प्रकाशित लेखों के लेखकों की राय से संपादक या प्रकाशक का सहमत होना आवश्यक नहीं) किसी भी वाद विवाद की स्थिति में जिला नूंह न्यायलय ही मान्य होगा

# Ashwin's desire to evolve all the time made him stand out : Ravi Shastri



Melbourne, Dec 20 Ravichandran Ashwin's constant drive to evolve and excel in his craft, coupled with his focus on self-improvement rather than being concerned about the opponents made him stand out, says former India coach Ravi Shastri.

The 38-year-old surprised the cricketing world by announcing his retirement in the middle of the Test series against Australia after the end of the third Test in Brisbane on Wednesday."What stands out for me was his wanting to evolve all the time. He wasn't the kind of guy satisfied as to where he started," Shastri said on 'The ICC Review'."For me it was his guile, wanting to excel in his craft and (especially) in the last two-three years the way he got the ball to the way, gave it a rip and got it to dip on the batsman with drift made him stand out," Shastri said.

Known for his relentless drive to develop his game, Ashwin consistently worked on new deliveries and refined his action, even in the later stages of his career."He wanted new tricks to be learned. He pursued it, practiced hard at it and continued to look for new things as his career progressed, to keep up with the times," Shastri said.

"His legacy will be of being a terrific match-winner, a fabulous record, 537 sticks. I mean anyone over 500 (in Test cricket) is special."Ashwin, who made his debut in 2011 against the West Indies, quickly cemented his place in India's Test side. He retired as India's second-highest wicket-taker with 765 scalps, including 537 in Tests.Ashwin and fellow spinner Ravindra Jadeja often bowled in tandem, leading India to numerous victories. Shastri felt the "spin twins" played a role in each other's success."And for him to do it in his span and the way he has done it, especially when it came to bowling in the last four or five years, I think in India, along with Jadeja, I think they were a terrific pair, the real spin twins.""They complemented each other well and they spurred each other on, so I would say a lot of Jadeja's wickets in the last five-six years have come because of Ashwin and vice-versa." Shastri



highlighted that Ashwin's nearly identical record against left and right handed batters -- 269 wickets against right-handers and 268 against left-handers—demonstrated just how versatile and effective the spinner was, regardless of the opponent or their playing style."You look at his record against right-handers, against left-handers, it's pretty much similar, you know, which says it all. It didn't matter to him who he was bowling against. He was up for it," he added

# Konstas handed Boxing Day Test call-up as changes loom for Australia

▶ The 19-year-old opener is now in the frame for a debut in Melbourne with Australia set to make changes to their struggling top order

Melbourne, Dec 20 Nathan McSweeney has been dropped from Australia's squad for the final two Tests against India with 19-year-old opening batter Sam Konstas earning his first call as the home side shake up the top order amid their struggles against Jasprit Bumrah.

Konstas has been included on the back of a strong run of form since being overlooked at the start of the series it is not certain he will play on Boxing Day in Melbourne.

Josh Inglis, who has been the spare batter during the series to date, remains part of the squad and could be an option if the selectors want to get creative with indications from chair of selectors George Bailey that they are keen for a greater tempo from the top order. Allrounder Beau Webster is also retained in the 15-player group.

But as a specialist opener there is now a strong chance that Konstas will debut in front of a crowd of more than 90,000 at the MCG. If he does play, it would be just his 12th first-class match, making him the fourth-youngest debutant for Australia in men's Tests, although he has been marked out as a future international player since his junior days."First and foremost, [want to] acknowledge that it's a tough call on Nathan, particularly after three Tests," Bailey told reporters. "We




are constantly getting new information as you guys are... It's clearly been a challenge at the top of the order for both teams. Think Sam's method, his style, is different to Nathan's, different again to Beau's and Josh's, as the other batting options within that team, and we think they provide the options of a different look and a different make-up for the XI come Boxing Day."

# Afridi trumps Klaasen after Babar-Rizwan stand sets up Pakistan

▶ Pakistan 329 all out (Rizwan 80, Babar 73, Maphaka 4-72) beat South Africa 247 all out (Klaasen 97, Shaheen 4-47, Naseem 3-37) by 82 runs

Cape Town, Dec 20 Pakistan turned in their best all-round ODI performance across all three series over the past six weeks, dismantling South Africa by 81 runs and sealing a third straight ODI series win.Shaheen Afridi sizzled with the ball after half-centuries from Mohammad Rizwan, Babar Azam and Kamran Ghulam helped Pakistan amass 329 in the second ODI in Cape Town.

South Africa never quite got partnerships going despite a heroic 74-ball 97 from Heinrich Klaasen. Afridi, however, got his mojo back, menacing at the top and lethal with the reverse swinging ball at the death, finishing with four wickets as South Africa were bowled out for 248.


South Africa began the chase in much the same way as they started off in the first innings in Paarl - with conviction and purpose. From the moment the returning Temba Bavuma flicked Afridi off his pads for four off the first ball, South Africa were up and running, routinely piercing the thickset infield to find the boundaries they needed to keep the asking rate in check. Afridi picked his moment to deliver perhaps his most impressive spell since picking up the injury two years ago that has somewhat stalled his career. With the lights taking full effect and the contest balanced on a tightrope,




he found it in himself to bowl closer to the 140kph mark, angling his wrist position to take advantage of the reverse swing that suddenly appeared to be on offer. He fizzed one past Miller, cutting him in half - or so we all thought; Afridi was sure it had kissed the inside edge, and when they went upstairs, the technology bore him out.

# Arsenal, Liverpool, Newcastle Advance to English League Cup Semis

New Delhi, Dec 20 Arsenal, Newcastle and Liverpool advanced in the English League Cup on Wednesday to ensure a heavyweight lineup for the semifinals. Gabriel Jesus scored a hat trick — including a crucial second goal from an offside position — as Arsenal beat Crystal Palace 3-2 to reach the last four for the first time since the 2021-22 season. Liverpool kept alive its title defense by winning 2-1 at Southampton, with Darwin Nunez and Harvey Elliott the scorers in the first half for the leaders of the Premier League and Champions League.Newcastle defeated Brentford 3-1 mainly thanks to two first-half goals by Italy midfielder Sandro Tonali and progressed to the semifinals for the second time in three seasons. The Saudi-controlled club from the north east, which hasn't won a major trophy since 1955, lost in the League Cup final to Manchester United in 2023. United visits Tottenham on Thursday in the remaining quarterfinal match, guaranteeing that the semifinals will feature four of the biggest teams in the country. Jesus benefi ts from no VAR Jesus had previously only scored one goal in 20 appearances in all competitions this season — and that was also in the English League Cup at second-tier Preston in October.So the Brazil




striker's first hat trick for Arsenal came as something of a surprise, as did the standard of his finishing. There was luck for Jesus, too, as replays showed that he was offside when running through to score his goal that made it 2-1 in the 73rd minute at Emirates Stadium. However, there is no video review until the semifinals of the competition so the goal wasn't ruled out.Jesus, who had equalized in the 54th with an excellently taken chip over goalkeeper Dean Henderson, completed his hat trick in the 81st by running through unmarked and smashing a low strike past Henderson. That give his team a two-goal cushion but former Arsenal striker Eddie Nketiah ensured a nervy finish by heading home a cross in the 85th to make it 3-1. Jean-Philippe Mateta had put Palace ahead in the fourth minute. Liverpool's unbeaten run Liverpool has now gone 20 games unbeaten within a single season in all competitions for the first time since 1996, according to Premier League stats supplier Opta. Things could hardly be going any better for Arne Slot, who fielded a weakened, heavily rotated team — featuring Japan midfielder Wataru Endo at center back — that still had too much for Southampton. Nunez particularly enjoyed his goal, which came after he had been jeered by Southampton fans for missing an early chance. After putting Liverpool ahead, he put his finger to his mouth in a "shush" gesture to the home crowd. Interim coach Simon Rusk took charge of Southampton, the last-place team in the Premier League, following the dismissal of manager Russell Martin on Sunday — hours after a 5-0 loss to Tottenham. Slot sat in the stands for the match at St. Mary's stadium as he was serving a touchline suspension after getting booked for the third time this season last weekend.

# Fighting victories for Punjab Police, ASC

▶ Punjab Police and ASC Jalandhar registered come-from-behind victories on the fourth day of the Liberals hockey tournament at PPS Nabha.



Patiala, Dec 20 Punjab Police and ASC Jalandhar registered come-from-behind victories on the fourth day of the Liberals hockey tournament at PPS Nabha. ASC edged out SAI Kurukshetra 3-2, while Punjab Police beat MSK Jarkhar Academy by the same margin. Hawks Rupnagar outplayed Himachal XI 4-0 and ITBP subdued Rail Coach Factory Kapurthala 3-1.

ASC converted a penalty corner in the 11th minute through Chandan Aind but SAI hit back with field goals from Munish Rana and Sunil in the 13th and 35th minutes. ASC equalised 2-2 in the 42nd minute before Sarin Edavalath found the winner in the final minute.

MSK Academy converted a PC in the 6th minute through Pawanpreet Singh. Punjab Police mounted pressure and went on a scoring spree with two penalty corner conversions by Pawandeep and Gurpreet in the 28th and 41st minutes. In the 45th minute Pawandeep got his second goal. MSK reduced the lead with a goal by Yudhvir Mall.